卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 296 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦7 अगस्त 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# बारिश का कहर, कई बस्तियां जलमग्न

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मानसून की वर्षा ने एक बार फिर कल्याणी नदी के आस पास के आवासीय क्षेत्रों सहित अन्य कई कालोनियों में अपना कहर बरपाया है। गत देर सायं से हो रही बरसात का पानी रात्रि में कई आवासीय कालोनियों में घरों व दुकानों के भीतर जा घुसा जिससे घबराये लोग जरूरी सामान व परिवार को लेकर सुरक्षित स्थानों की ओर रवाना हो गये। वहीं अपने मवेशियों को भी साथ ले गये। अनेक स्थानों पर कल्याणी नदी के किनारे व बीच में बसे लोगों के घरों में कई फुट पानी आ जाने से उनमें हड़कम्प मचा हुआ है। सबसे ज्यादा जलभराव शक्ति विहार, मुखर्जी नगर, भूतबंगला, जगतपुरा, तीनपानी डाम क्षेत्र, शिवनगर, आजादनगर, खेड़ा, संजय नगर व रम्पुरा के निचले इलाके में हुआ है। जहां हजारों लोग जलभराव से प्रभावित हुए हैं। हालात को देखते हुए विधायक शिव अरोरा, नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल सहित कई प्रशासनिक व विभागीय अधिकारियों ने भी प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया और लोगों से संयम और सतर्कता बरतने को कहा। वहीं जिलाधिकारी उदयराज सिंह व एसएसपी मंजूनाथ टीसी सम्पूर्ण जनपद की हर स्थिति पर पूरी नजर रखे हुए हैं। जगतपुरा में जिन लोगों के घरों में वर्षा के पानी ने कहर मचाया है उनमें बंटी, ओमपाल, मुकेश राजू, रोहित, राजपाल, अवधेश, प्रेमशंकर, मित्रपाल, रामकिशोर, अमर सिंह, राजबाबू, शैलेन्द्र, मनोज, अंशुल, सुनील, विकास, राहुल, गोलू आदि के मकान शामिल हैं। सभी परिवारों के लोगों ने अपना जरूरी सामान व मवेशियों को लेकर आवास विकास स्थित राजकीय प्राईमरी विद्यालय में जाकर शरण ली। आजाद नगर में एसडीआरएफ की टीम नें जलभराव से घिरे कई लोगों का रेस्क्यू कर उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। गंगापुर रोड़ मार्ग पर तीन पानी डाम के आस पास का पूरा क्षेत्र बरसात के पानी से पूरी तरह से लबालब बन गया। मुख्य मार्ग पर पानी के तेज बहाव को देखते हुए सुबह वाहनों का आवागमन भी रोक दिया गया। बरसात के चलते किच्छा रोड़, काशीपुर रोड़,आवास विकास, इन्द्रा कालोनी, सिंह कालोनी, रम्पुरा, भूत बंगला, पहाडगंज, भदईपुरा, आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी, मॉडल कालोनी, दरिया नगर, घास मंडी, ईश्वर कालोनी, आदर्श कालोनी, ट्रांजिट कैम्प, सिडकुल चौक, अटरिया रोड़, काशीपुर बाईपास रोड़, दूधिया नगर, पीएसी परिसर, निकटवर्ती ग्राम डिबडिबा, दानपुर, भगवानपुर, बगवाड़ा, छतरपुर, मटकोटा, रामनगर, भूरारानी, फुलसुंगा, फुलसुंगी, प्रीत विहार, फाजलपुर महरोला आदि क्षेत्रों में भी जलभराव होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।





## एसडीआरएफ ने संभाला मोर्चा

रूद्रपुर। एक ओर जहां बरसात का पानी लोगों के घरों में आ जाने से उनके समक्ष मुसीबतों का पहाड़ टूटा हुआ था तो वहीं दूसरी ओर उनकी मदद के लिए भी कई लोग आगे आये। शक्ति विहार सहित ट्रांजिट कैम्प के आजादनगर व जगतपुरा मौहल्ले में दर्जनों लोगों के घरों में बरसात का पानी कई फुट घरों के भीतर आ गया। लोगों को सुरक्षित स्थानों में पहुंचाने के लिए निरीक्षक बालम सिंह के साथ पुलिस टीम व कई समाजसेवी आगे आये और उन्होंने प्रभावित



परिवारों की मदद की। इस दौरान दर्जनों परिवारों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। वर्षा के कारण जगतपुरा वार्ड नं 4, शक्ति विहार, आजाद नगर एवं तीन पानी डेम में जलभराव हो जाने पर जनसामान्य की सुरक्षा के दृष्टिगत जगतपुरा में 250 व्यक्तियों को बालिका विद्या मंदिर जगतपुरा, राजकीय प्राथमिक विद्यालय आवास विकास एवं भंडारी कांवेन्ट स्कूल, जगतपुरा में ठहराया गया है। भोजन आदि की व्यवस्था जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा की जा रही है। आजादनगर क्षेत्र में जलभराव से प्रभावित (शेष पृष्ठ सात पर)

## राईस मिलों में घुसा पानी,करोड़ों की क्षति

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। बीती रात से हो रही भारी बारिश ने निचले इलाकों में भारी तबाही मचाई है, किच्छा बाईपास रोड पर स्थित चार राईस मिलों में बारिश का पानी उफान पर आ गया। जिसके चलते यहां स्थित फूल चन्द्र अग्रवाल की राईस मिल शारदा इंडस्ट्रीज, राजकुमार बिंदल की कामधेनू इण्डस्ट्रीज, कैलाश लेकिन इसके बावजूद मेडिसिटी के पास सिचाई विभाग द्वारा बनाया गया डाम नहीं खोला गया जिसके चलते नहर का पानी राईस मिलों में भर गया। चार से पांच फुट





का पानी घुसने से करोडों का नुकसान पहुंचा है। राईस मिल स्वामियों ने नुकसान के लिए प्रशासन और सिंचाई विभाग को जिम्मेवार ठहराया है। जानकारी के मुताबिक भारी बारिश के चलते किच्छा बाईपास मार्ग के करीब बहने वाली नहर गर्ग की श्याम बाबा राईस मिल, एवं ओपी मित्तल की महावीर पैडी राईस मिलों में पानी भर गया। राईस स्वामियों ने बताया कि बीती रात से ही मिलों में पानी भरने लगा था। उन्होंने बताया कि रात को ही नहर में पानी उफान पर आ गया था तक पानी भरने से धान, चावल और वारदाना खराब हो गया। चारों मिल स्वामियों ने बताया कि उन्हें करीब एक-एक करोड़ का नुसान पहुंचा है। राईस मिल एसोसिएशन के श्याम अग्रवाल ने बताया (शेष पृष्ठ सात पर)

## भारी बारिश से फैक्ट्री का शैड गिरा,करोड़ों का नुकसान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारी बारिश के चलते बिलासपुर रोड स्थित एक धागा फैक्ट्री में मंगलवार रात एक एक करके दो शैड गिर गये। जिससे वहां पहुंच गयी और श्रमिकों को फैक्ट्री से बाहर निकाला गया। जानकारी के मुताबिक बिलासपुर रोड पर कालोनी मोड़ के पास स्थित श्री गणेशा लि0 शैड अचानक गिर गया। जिससे वहां काम कर रहे श्रमिकों में हड़कम्प मच गया। बताया जाता है कि इस दौरान कुछ श्रमिकों को चोटें आयी हैं जिस पर उन्हें अस्पताल ले जाया गया। सूचना पर पुलिस प्रशासन और एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंची और श्रमिकों को फैक्ट्री से बाहर (शेष पृष्ठ सात पर)



अफरा तफरी मच गयी। घटना में कुछ श्रमिकों के घायल होने की खबर है। सूचना पर पुलिस प्रशासन और एसडीएमआरएफ की टीम मौके पर फैक्ट्री में तीन प्लांट लगे हैं, जिनमें धागा बनाया जाता है। बीती रात करीब साढ़े नौ बजे मूसलाधार बारिश और तेज हवाओं के चलते प्लांट नंबर तीन का

**आवश्यकता है**

इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में एकाउंट्स का कार्य करने हेतु युवक एवं युवतियों की। टेली की जानकारी आवश्यक।

-संपर्क करें-

8433432291


## मुख्य बाजार पहली बार जलभराव से रहा मुक्त

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। नगर में होने वाली हर बरसात के दौरान जल भराव से लबालब हो जाने वाला मुख्य बाजार आज पहली बार जलभराव से मुक्त दिखाई दिया। जिसका श्रेय प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ही व्यापार मंडल, एनएच ,नगर निगम व लोक निर्माण विभाग आदि विभागों के अधिकारियों को जाता है। मुक्ष्य बाजार क्षेत्र को जलभराव से मुक्त करने के लिए व्यापार मंडल की पहल पर एनएच व नगर निगम के अधिकारियों की टीम संयुक्त रूप से काशीपुर बाईपास रोड़ पर गाबा चौक से डीडी चौक तक निरीक्षण किया और जल निकासी के लिए पिछले करीब 25 वर्षों से उपेक्षित बने नाले को मुख्य मार्ग की मशीनों (शेष पृष्ठ सात पर)



## ठेली न हटाने को लेकर पिता पुत्रों पर जानलेवा हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि ट्रांजिट कैम्प में ठेली हटाने को लेकर हुये विवाद के पश्चात करीब एक दर्जन लाठी डण्डों से लैस लोगों ने घर में घुसकर पिता-पुत्रों पर जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सभी को उपचार के लिये जिला चिकित्सालय ले जाया गया। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस



ने मौके पर पहुंचकर एक हमलावर को पूछताछ के लिये अपनी हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार राजा बाबू सैनी अपने दो पुत्रों राज और पुष्कर के साथ गोलमढ़िया में सब्जी का ठेला लगाता है। जिस स्थान पर वह ठेला लगाता है उसके पीछे के दुकानदार द्वारा ठेली हटाने का कहा गया जिसे लेकर (शेष पृष्ठ सात पर)

## कांग्रेसियों ने थाने का किया घेराव

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।ट्रांजिट कैंप में ज्वेलर्स प्रेम शंकर सैनी द्वारा कई लोगों के करोड़ों रुपए हड़पने और शहर छोड़ कर भाग जाने से रोषित दर्जनों लोगों ने कांग्रेस जिला अध्यक्ष हिमांशु गाबा,और उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ



उपाध्यक्ष, श्रीमती मीना शर्मा के नेतृत्व में थाने का घेराव किया और थाना इंचार्ज भरत सिंह को ज्ञापन देकर भगोड़े ज्वेलर्स प्रेम शंकर सैनी को गिरफ्तार करने की मांग की, और पीड़ितों को उनका रुपया और सोना चांदी वापस दिलाए जाने की मांग की। इससे पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष हिमांशु गाबा और कांग्रेस की (शेष पृष्ठ सात पर)

# विधायक ने बस्तियों में जलभराव का लिया जायजा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। भारी बारिश के चलते कई निचले इलाकों में हुए जलभराव का विधायक शिव अरोरा ने जायजा लिया। विधायक शिव अरोरा ने ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र के आजाद नगर, शिवनगर क्षेत्र के कल्याणी नदी से लगे निचले इलाकों का स्थानीय लोगो के साथ दौरा किया। जहाँ मौके पर बचाव हेतु एसडीआरएफ की टीम ग्राउंड जीरो पर कार्य में लगी हुई थी। विधायक शिव अरोरा ने जलभराव वाले क्षेत्र मे पैदल भ्रमण कर मौके की स्थिति का जायजा लिया और लोगो से मुलाकात कर उनका हाल जाना और वही बचाव मे लगी एसडीआरएफ की टीम ने जानकारी दी कि कल्याणी नदी से लगे घर जो बिल्कुल जलभाराव के कारण जलमग्न हो गये हैं ऐसे 50 से अधिक लोगों को टीम द्वारा निकाल के सुरक्षित स्थान पर रखा गया। विधायक अरोरा ने स्वयं निचले क्षेत्रों मे जाकर बचाव कार्य का जायजा लिया, साथ हीं बचाव कार्य मे लगी टीम के साथ स्वयं लोगो की मदद के लिये आगे आये ।उन्होंने लोगो से अपील की कल्याणी नदी का जलस्तर बढ़ा हुआ है जिसके चलते समय रहते लोग सुरक्षित स्थान पर चले जायें और प्रशासन की एडवांजरी का पालन करें। जिससे कोई जान माल का नुकसान न हो। राहत बचाव कार्य मे कोई कमी नहीं है। इस दौरान एसओ भरत सिंह, मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, निवर्तमान पार्षद शिव कुमार, कैलाश राठौर, डी के गंगवार, गोविन्द शर्मा, राजेंद्र राठौर, मदन दिवाकर, एसडीआरएफ की टीम व क्षेत्र के कई लोग मौजूद रहे।



# डीएम से की उजाड़े परिवारों को पट्टे देने की मांग

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। गदरपुर रोड पर स्थित ग्राम भगवानपुर में एक माह पूर्व उजाड़े गये 46 परिवारों के पुनर्वास की मांग को लेकर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने ग्रामीणों के साथ कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर प्रभावित परिवारों को ग्राम सभाओं की रिक्त पड़ी निष्प्रयोज्य भूमि पर आवासीय पट्टे दिये जाने की मांग की। विरोध प्रदर्शन में महिलाओं और बच्चों ने भी भागीदारी की। इस दौरान पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि वर्षा ऋतु में इन निर्धन परिवारों के पक्के निर्मित घरों को तोड़ने के बाद ये ग्रामीण घर से बेघर होकर खुले आसमान में पन्नी लगाकर दयनीय अवस्था में जीवन यापन कर रहे है। ये ग्रामीण पूर्व में भी डीएम कार्यालय पहुंचकर आवास हेतु गुहार लगा चुके हैं। ठुकरला ने बताया कि भीषण बरसात में इन दिनों में इनका जन जीवन पूरी तरह अस्त व्यस्त हो चुका है। ठुकराल ने कहा कि इन परिवारों की दयनीय हालत को देखते हुए इन्हें पट्टे दिया जाना न्याय संगत है। ठुकराल ने बताया कि डीएम के निर्देश पर तहसीलदार दिनेश कुटोला के नेृत्व में तहसील कर्मियों की टीम ग्राम सभा की तीन भूमियों का सर्वेक्षण के उपरांत चयन भी कर चुके हैं। इस अवसर पर विश्वामित्र, पूर्णमासी, किरन, रेनू, सुनील, शांता प्रसाद, शिवमूरत, शिव कुमार, कन्हैया, सुरेश, शंभू, रमेश, भीम, पानमती, कन्हैया, सतीश, प्राची, बृजेश, गुंजा, राधेश्याम, मालती, अमरनाथ, मुन्ना, मीना, राम सिंह, महेन्द्र, जयप्रकाश, बाबू लाल, ओमप्रकाश, रमाशंकर, श्री भगवान, रमावती, गणेश, हरे राम, प्रभंस, विजय, दिनेश, नंद किशोर, अशोक, अनिल, सुरेन्द्र, विनोद, वंदना, इन्द्रजीत, श्रीनिवास, नेहा, रानी, बेबी, संजू, सुनीता, इन्द्रा, आरती, आशा, राधा, फूलमती देवी, आदि सहित तमाम लोग मौजूद थे।



# मानसून सत्र की अवधि बढ़ाने की मांग

## सरकार ने गैरसैंण के सत्र को रस्म अदायगी भर बना दिया : आर्य

देहरादून। गैरसैंण में आगामी तीन दिन के मानसून सत्र को लेकर विपक्ष ने सवाल खड़े किए हैं। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा, महज 120 मिनट (दो दिन में प्रश्नकाल की अवधि) में सरकार 500 से अधिक सवालों के जवाब कैसे देगी। उन्होंने सत्र की अवधि बढ़ाने की मांग की। उधर, संसदीय कार्यमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा, बिजनेस के आधार पर ही सत्र की अवधि तय की गई है। मीडिया से बातचीत में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा, सरकार ने गैरसैंण के सत्र को रस्म अदायगी भर बना दिया है। पांच सौ से ज्यादा प्रश्न हैं। विधायकों को सदन में ही अपनी बात रखने का मंच मिलता है। दो दिन का सत्र है। पहला दिन शोक संवेदना का होगा, जिसके बाद सदन स्थगित हो जाएगा। उन्होंने कहा, विधानसभा का हर सदस्य सदन में अपनी बात रखना चाहता है। अपने क्षेत्र की समस्या रखना चाहता है। प्रदेश के जो हालात हैं, आपदा से प्रदेश प्रभावित हैं। केदारनाथ से लेकर कई जगहों पर लोग आपदा का जख्म सह रहे हैं। ऐसे में सदन की अवधि को बढ़ाने की जरूरत है, ताकि प्रदेश के हर कोने की आवाज विधायकों के माध्यम से सदन तक पहुंच सके। दूसरी ओर, संसदीय कार्यमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा, हमारे पास जो बिजनेस है, उसके आधार पर सत्र की अवधि तय की गई है। ये बात ठीक है कि प्रश्न आए होंगे, लेकिन आप ये भी जानते हैं कि एक दिन में अधिकतम 20 तारांकित प्रश्न लगा सकते हैं। जो अतारांकित प्रश्न हैं, वह विभाग के आधार पर नियमानुसार जवाब मिल जाता है। उन्होंने कहा, हम कोशिश करेंगे कि ज्यादा से ज्यादा प्रश्न इस अवधि में आ जाएं। सभी सदस्यों को सही जवाब मिल सके। कहा, सत्र बिजनेस के आधार पर हमने विस की समयावधि तय की है।



# सीएम ने राज्यपाल के साथ की समसामयिक विषयों पर चर्चा

देहरादून (उद संवाददाता)।राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से मंगलवार को राजभवन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शिष्टाचार भेंट कर समसामयिक विषयों पर चर्चा एवं विचार-विमर्श किया।इस दौरान राज्यपाल को मुख्यमंत्री ने केदारनाथ पैदल मार्ग के क्षतिग्रस्त होने के उपरांत प्रसाशन द्वारा किए जा रहे राहत एवं बचाव कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर राज्यपाल को मुख्यमंत्री ने हाल ही में सपन्न हुई कांवड़ यात्रा एवं प्रदेश में मानसून की स्थिति से भी अवगत कराया। इस अवसर पर राज्यपाल ने केदारनाथ में चल रहे राहत एवं बचाव कार्यों हेतु स्वयं मौके पर पहुंचकर नेतृत्व करने के लिए मुख्यमंत्री की प्रशंसा की।



# पति पत्नी ने मिलकर महिलाओं को लगाया करोड़ों रुपये का चूना, फरार

बाजपुर। बाजपुर के बन्नाखेड़ा क्षेत्र में सैकड़ों महिलाओं से एक साथ करोड़ों रुपयों की ठगी करने का मामला सामने आया है। यहां एक पति-पत्नी ने मिलकर कई महिलाओं के साथ ठगी को अंजाम दिया है। ठगी करने वाले दम्पत्ति मौके से फरार बताए जा रहे हैं। उधम सिंह नगर जिले के बाजपुर में महिलाओं को बैंकों से समूह दिलाने के नाम पर उनके जरूरी दस्तावेजों का प्रयोग करते हुए आरोपी पति पत्नी ने बैंक से करोड़ों रुपयों का लोन ले लिया और पैसा लेकर फरार हो गए। महिलाओं को इसकी भनक तक नहीं लगी। महिलाओं को जब इसकी जानकारी मिली तो सभी महिलाएं इकट्ठा होकर दम्पत्ति के घर पहुंची तो वो दोनों वहां से फरार थे जिसके बाद जानकारी मिली कि वो पैसा लेकर विदेश भाग गए।जब महिलाओं को लगा कि उनके साथ धोखाधड़ी हुई है तो वो सभी इकट्ठा होकर बन्नाखेड़ा चौकी पहुंची। जहां उन्होंने एसएई विक्रम धामी को मामले की पूरी जानकारी दी। महिलाओं ने आरोपी पति-पत्नी पर करोड़ों रुपयों की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई करने की मांग की है। इस दौरान सैकड़ों महिलाएं कोतवाली के बाहर खड़ी नजर आईं।महिलाओं ने बताया कि आरोपी पति-पत्नी द्वारा पैसों का लालच देकर उन्हें बैंकों से समूह के माध्यम से पैसा दिलाने के लिए उनके जरूरी दस्तावेज लिए गए थे। जिन्हें दिए काफी समय हो गया था। जब कोई इस बारे में सखह्ती से पेश आ जाता था तब दोनों दम्पति कुछ रुपया समूह का पैसा मिलने की बात कहकर उन्हें दे देते थे। समूह की किश्त के रूप में बैंक में वापस पैसा जमा करने के नाम पर किश्त ली जा रही थी। लेकिन दम्पत्ति द्वारा कघ्स्ति बैंक वापस जमा नहीं की गई। इस तरह से लगभग सैकड़ों महिलाओं को समूह का पैसा दिलाने के नाम पर उनके नाम से करोड़ों रुपया का लोन लेकर पति-पत्नी मौके से फरार हो गए हैं।

# छात्र के साथ कुकर्म करने वाले शिक्षक को बीस वर्ष कठोर कारावास की सजा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गुरु एवं शिष्य के पवित्र रिश्ते को तार तार करते हुए शिष्य के साथ कुकर्म करने वाले को पॉकसो न्यायाधीश अश्वनी गौड़ ने 20 वर्ष के कठोर कारावास और 40 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुना दी। इसमें से 30 हजार रुपये पीड़ित बालक को मिलेंगे ।विशेष लोक अभियोजक विकास गुप्ता ने बताया कि 4 अक्टूबर 2021 को एक व्यक्ति ने जसपुर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका 9 वर्षीय पुत्र ग्राम नादेही,जसपुर निवासी अध्यापक कौशल कुमार पुत्र नरेंद्र सिंह के पास डेढ़ माह से ट्यूशन पढ़ने जाता है ।शाम करीब साढ़े पॉच बजे जब बालक ट्यूशन पढ़ने के बाद घर लौटा तो वह रो रहा था वह बहुत डरा हुआ था पूछने पर उसने बताया कि अध्यापक ने उसके साथ जबरन कुकर्म किया है ।पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली और अगले ही दिन 5 अक्टूबर 2021 को जॉच अधिकारी द्वारा आरोपी अध्यापक कौशल कुमार को उसके घर के बाहर से गिरफ्तार कर लिया। बालक का मेडिकल कराया तथा उसका एवं आरोपी का डीएनए सैंपल लेकर परीक्षण हेतु एफएसएल देहरादून भेजे गये जिनकी रिपोर्ट पॉजीटिव आयी जिससे दुष्कर्म की पुष्टि हुई। आरोपी के विरूद्ध पॉकसो न्यायाधीश अश्वनी गौड़ की कोर्ट में मुकदमा चला जिसमें विशेष लोक अभियोजक विकास गुप्ता ने 6 गवाह पेश कर आरोप सिद्ध कर दिया जिसके बाद न्यायाधीश महोदय द्वारा आरोपी कौशल कुमार को धारा 377 आईपीसी के तहत दस वर्ष के कठोर कारावास और बीस हजार रुपये जुर्माने तथा धारा5/6 पॉकसो एक्ट के तहत 20 वर्ष के कठोर कारावास और बीस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुना दी,जुर्माने की राशि में से तीस हजार रुपये पीड़ित बालक को मिलेंगे साथ ही न्यायाधीश महोदय ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर कहा है कि पीड़ित बालक को मुआवजे के तौर पर तीन लाख रुपये सरकार देगी ।

# मॉल में घुमाऊंगा ,कपड़े दिलाऊंगा , करा दूंगा पास!

## छात्रा से अश्लील बातें करने के आरोप में शिक्षक के खिलाफ मुकदमा दर्ज, शिक्षक फरार

दिनेशपुर(उद संवाददाता) । उधम सिंह नगर के दिनेशपुर से गुरु और शिष्य के रिश्ते को कलंकित करने का मामला सामने आया है। शिक्षक पर अश्लील बातें करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। छात्रा ने शिक्षक पर आरोप लगाते हुए कहा कि सर एक्स्ट्रा क्लास के बहाने पढ़ने के लिए घर पर बुलाते थे। छात्रा इसके बारे में अन्य शिक्षकों को भी बता चुकी थी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। बता दें आरोपी शिक्षक क्लास की एक नहीं बल्कि कई लड़कियों के साथ अश्लील बात करता था। मामला तब तूल पकड़ा जब शनिवार को 11वीं की एक छात्रा से आरोपी टीचर को मॉल घूमाने की बात कही। नगर क्षेत्र के एक इंटर कॉलेज में अध्यापक द्वारा छात्रा के साथ अश्लील करने के एक मामले में स्वजन की तहरीर पर आरोपित के खिलाफ थाना पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा कायम कर जांच शुरू कर दी है । उधर आरोपित शिक्षक फरार फरार बताया जा रहा है । मंगलवार को निकटवर्ती गांव निवासी एक व्यक्ति ने थाने में तहरीर देकर कहा उसकी 17 वर्षीय बेटी नगर क्षेत्र के एक राजकीय इंटर कॉलेज में 11 वीं की छात्रा है । उन्होंने बताया सोमवार को जब उनकी बेटी घर पहुंची तो रोने लगी । और स्कूल न जाने के लिए कहने लगी । कारण पूछने पर उसने बताया कि उनके अध्यापक द्वारा अश्लील बातें करता है और साथ मॉल में घूमने की बात करता है । इसके साथ ही होटल में ले जाकर प्यार करने की बात कहते हुए कहा वो बिना पढ़े उसे पास करा देंगे। इस दौरान उसने बताया उसी की क्लास की कई छात्राओं के साथ अध्यापक इसी तरह की हरकत करता है । जिस पर पीड़िता के पिता द्वारा मंगलवार को आरोपित शिक्षक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है । तहरीर के आधार पर आरोपित शिक्षक जितेंद्र मोहन अग्रवाल निवासी बिजनौर उत्तर प्रदेश हाल निवासी दिनेशपुर के खिलाफ पॉक्सो के तहत मुकदमा कायम कर जांच शुरू कर दी है । मामले के बाद से ही शिक्षक फरार है । वहीं मामले में प्रधानाचार्य डॉ मधुसूदन मिश्र का कहना है कि मामला उनकी संज्ञान में आया है । जिसके बाद पांच सदस्यीय जांच टीम गठित की गई। उधर आरोपित अध्यापक से स्पष्टीकरण मांगा गया है । जांच रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी । उन्होंने बताया मंगलवार से शिक्षक मेडिकल अवकाश पर हैं ।

# कच्ची शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

किच्छा(उद संवाददाता)।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधमसिंहनगर द्वारा जनपद में अवैध कच्ची शराब की रोकथाम व नशे के विरुद्ध अभियान चलाकर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश के अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सितारगंज के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक किच्छा के नेतृत्व में किच्छा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम आजादनगर से अभियुक्त सुखदेव सिंह पुत्र किशन सिंह निवासी ग्राम बगवाड़ा भट्टा थाना रूद्रपुर जिला उधमसिंहनगर उम्र 50 वर्ष के कब्जे से एक भूरे रंग बैग के अंदर 50 पाउच अवैध कच्ची शराब खाम बरामद किया गया,जिस पर आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक दीवान सिंह बिष्ट प्रभारी चौकी दरऊ, कांस्टेबल उमेश सिंह, उमेद गिरी शामिल थे।



# बंद घर में चोरों का धावा, लाखों का माल पार

गदरपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात चोरों द्वारा घर में घुसकर गेट एवं अलमारी का ताला तोड़ कर लाखों के जेवरात एवं नगदी पर हाथ साफ कर लिया गया। जबकि गृह स्वामी चार दिन पूर्व अपने पुत्रों से मिलने नोएडा गये हुए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का जायजा लिया और लोगों से जानकारी ली। वेद प्रकाश अरोड़ा ने थाने में तहरीर देकर बताया कि अठारह लाख अट्ठाइस हजार की नगदी और बीस तोले सोना चोरी हुआ हैं।जानकारी के अनुसार आवास विकास वार्ड नंबर 6 निवासी वेद प्रकाश अरोरा पुत्र लेखराज कक्कड़ अपने पुत्रों से मिलने के लिए चार दिन पूर्व घर के मेन गेट का ताला लगाकर नोएडा उत्तर प्रदेश गए थे। घर के नीचे का हिस्सा उन्होंने घर के सामने रहने वाले परिवार को गोदाम के लिए किराये पर दे रखा है। मंगलवार सायं करीब 4 बजे किसी ने उनको सूचना दी कि उनके गोदाम का ताला नहीं लगा हुआ। सूचना पर शुभम कक्कड़ मौके पर पहुंचे और देखा तो उसके गोदाम का ताला टूटा हुआ था। इस पर उसने वेद प्रकाश कक्कड़ के घर के मेन गेट के ताले को देखा तो वह भी टूटा हुआ था। इस पर वेद प्रकाश ने उन्हें घर के अंदर जाने को कहा तो अंदर का ताला भी टूटा हुआ था। उसने इसकी सूचना व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष पंकज सेतिया और पुलिस को दी। सूचना पर उप निरीक्षक बसंत कुमार और व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष पंकज सेतिया पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस जब दूसरी मंजिल में गई तो घर के कमरों के ताले टूटे हुए थे। और सेफ के ताले तोड़कर अज्ञात चोरों ने लाखों रुपये के जेवरात और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने आसपास के लोगों से घटना की जानकारी ली। वेद प्रकाश कक्कड़ के घर के सामने वाले घर लगे सीसीटीवी कैमरे में अज्ञात चोर हेलमेट पहने हुए दिखाई दिया है। चोरी की घटना की जानकारी होते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। इस संबंध में जब थानाध्यक्ष जसवीर चौहान से जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा मामले से संबंधित तहरीर प्राप्त हो गई है जिसमें लाखों की नगदी और जेवरात चोरी होने की बात बताई है पुलिस जांच कर रही है आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी पुलिस आसपास के घरों में एवं अन्य स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है।



# अध्यापिका का अश्लील फोटो अपलोड करना छात्रा को पड़ा भारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बाजपुर की एक अध्यापिका के नाम से फेक आईडी बनाकर फोटो एडिट कर सोशल मीडिया पर अश्लील फोटो अपलोड करना पूर्व छात्रा को भारी पड़ गया। अध्यापिका की तहरीर पर पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर आरोपी छात्रा को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ कर रही है। बताया जाता है कि कॉलेज की पूर्व छात्रा अध्यापिका को एक तरफा पसंद करती थी और अट्रैक्शन न मिलने व डांटने की वजह से तथा एग्जाम में नंबर कम करने की वजह से गुस्से में आकर उसने फोटो अपलोड की। शिकायतकर्ता अध्यापिका द्वारा थाना बाजपुर में आकर तहरीर दी कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया इंस्टाग्राम में उसके नाम से फेक आईडी बनाकर हम अध्यापिकाओ की अश्लील फोटो एडिट कर व कालेज बाजपुर की फोटो अपलोड की गयी है। जिससे समाज व रिश्तेदारी मे उनकी बेईज्जती होने के कारणमानसिक आघात पहुँचा है। एसएसपी के आदेश पर वादिनी द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रभारी निरीक्षक बाजपुर नरेश चौहान द्वारा करते हुए उपरोक्त प्रार्थना पत्र की संवेदनशीलता व महिला सम्बन्धित अपराध की गम्भीरता को देखते हुए वादिनी द्वारा उपलब्ध कराये गये इंस्टाग्राम आईडी के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी हेतु साईबर सैल रूद्रपुर को रिपोर्ट प्रेषित की गईं। जिसे बाद साईबर सैल रूद्रपुर से प्राप्त मोबाईल की कैफ आईडी निकाली गयी है तथा आईडी चैक की गयी तो मोबाईल नम्बर पर एक नाम प्रदर्शित हुआ। पीडिता से उपरोक्त सम्बन्ध में पूछने पर उनके द्वारा बताया गया कि यह उसके स्कूल की छात्रा रही है जिसने वर्ष 2022-2023 में 12वी पास की है। वह मुझे पसन्द करती थी और आये दिन गिफ्ट लाती थी। उपरोक्त दोनो मोबाईल नम्बरो की डिटेल निकालकर विश्लेषण किया गया तो उक्त नम्बर पूर्व छात्रा द्वारा प्रयोग करना पाया गया। जिसके आधार पर छात्रा को हिरासत में लेकर उसे पूछताछ हेतु थाना लाया गया। पूछताछ के दौरान छात्रा द्वारा अपना जुर्म स्वीकार किया व उसके मोबाईल से अपराध के सम्पूर्ण साक्ष्य बरामद हुए है।पुलिस ने छात्रा से बरामद मोबाईल फोनो को अपने कब्जे में ले लिया।

# अलमारी के ताले तोड़ नगदी एवं सोने के जेवरात चोरी

गदरपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात चोरों द्वारा एक ग्रामीण के घर से अलमारी का ताला तोड़कर नगदी सहित सोने के जेवरात चोरी कर लिए जाने के मामले में पीड़ित द्वारा थाने में तहरीर देकर सामान बरामदगी की गुहार लगाई है।ग्राम मकरंदपुर बरीराई के रहने वाले गौरव मंडल पुत्र खगेंद्र मंडल ने थाने में दी गई तहरीर के आधार पर बताया कि गत 4 अगस्त की रात्रि परिवार सहित वह अपने घर में सोए थे अगले दिन उन्हें जागने पर घर की अलमारी के ताले टूटे मिले जिसमें से सोने चांदी के जेवरों में तीन अंगूठी, पायल, गले की चौन, मंगलसूत्र, कान का झुमका के अलावा रु. 30000 की नगदी गायब थी जिसे अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया । थानाध्यक्ष जसवीर चौहान ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।


जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817


# किशोरी को ब्लैकमेल कर किया दुष्कर्म

रूद्रपुर। रुद्रपुर में दोस्त ने मिलने के बहाने बुलाकर किशोरी से दुष्कर्म कर अश्लील फोटो खींच ली। उसके दोस्त ने भी किशोरी को ब्लैकमेल कर दुष्कर्म किया। अब आरोपी का तीसरा दोस्त भी दबाव बना रहा है। मामले में तीनों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। क्षेत्र के एक वार्ड निवासी व्यक्ति ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा कि कुछ समय पहले उसकी नाबालिग बेटी की सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सिसई बंडिया निवासी मुनाजिर से पहचान हुई। एक माह पहले मुनाजिर ने उनकी बेटी को किच्छा बुलाया और घर ले जाकर कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। इसके बाद अर्धबेहोशी की हालत में उसने बेटी के साथ दुष्कर्म किया और नग्न फोटो भी खींच लीं। शिकायत करने पर उसने फोटो वायरल करने की धमकी दी। इसके बाद मुनाजिर ने बेटी की फोटो रेशमबाड़ी निवासी साहिल उर्फ मुनीम को भेजी। साहिल ने भी फोटो वायरल करने की धमकी देकर बेटी के साथ एक होटल में दुष्कर्म किया। इसके बाद साहिल ने फोटो भदईपुरा निवासी अपने दोस्त मोहित उर्फ चुटकी को भेजी और अब वह भी उसे धमकी देकर मिलने बुला रहा है। इससे तनाव में आई बेटी से जब उन्होंने परेशान होने की वजह पूछी तो उसने आपबीती बताई। उन्होंने पुलिस से आरोपितों पर कार्रवाई की मांग की है।


गोदाम और फ्लैट किराये हेतु उपलब्ध
◆ 5000,10,000 एवं 20,000 वर्ग फिट में बने गोदाम उपलब्ध हैं।
◆ मैट्रोपोलिस एवं सामिया में 2 एवं 3 बीएचके के फ्लैट उपलब्ध हैं।
-सम्पर्क करें-
9568300033
9568300015


# जलभराव से प्रभावित लोगों का जाना हाल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जलभराव से प्रभावित इलाकों का भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने दौरा किया उन्होंने मेंन बाजार, अग्रसेन चौक पर नगर निगम के नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल के साथ निरीक्षण किया। साथ ही ट्रांजिट कैंप आजाद नगर में हो रहे जल भराव पर मौके पर पहुंचकर तहसीलदार दिनेश एवं कोतवाल भारत कुमार के साथ एसडीआरएफ की टीम के साथ लोगों को पानी से सुरक्षित निकलवाया और उनके रहने भोजन की व्यवस्था प्रशासन के माध्यम से करवाई। जगतपुरा में पानी में फंसे हुए लोगों को राजकीय प्राथमिक विद्यालय जगतपुरा में रुकवाने का इंतजाम किया और उनके रहने खाने की व्यवस्था प्रशासन के माध्यम से करवाई। गन्ना भवन के पीछे पानी भरने का जायजा भी लिया और तहसीलदार दिनेश जी से इनकी व्यवस्था करने के लिए कहा। प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि संकट की इस घड़ी में भारतीय जनता पार्टी एवं पूरी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सरकार आम जनमानस के साथ खड़ी है किसी को भी परेशान नहीं होने दिया जाएगा सभी लोगों के लिए उचित खान की रहने की व्यवस्था का इंतजाम सरकार द्वारा किया जा रहा है प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने रुद्रपुर क्षेत्र की समस्या के बारे में माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को भी अवगत कराया। इस दौरान गोविंद शर्मा, सतपाल लोधी, सोमपाल कोली, हरजीत राठी, लकी कालड़ा, डीके गंगवार, चंदन सक्सेना, रॉबिन विश्वास, शिवकुमार रॉय, मानवेंद्र राय आदि लोग उपस्थित थे।



# कौशल्या एनक्लेव में हुआ जलभराव

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गंगापुर रोड स्थित कौशल्या एनक्लेव गत देर सायं से ही रही बारिश में पूरी तरफ से लबालब भर गई है। कौशल्या एनक्लेव में मंदिर से नीचे का हिस्सा पानी से पूरी तरह से भर गया है। कौशल्या के लोगों ने बताया कि बगवाड़ा रोड नेशनल पब्लिक स्कूल के बगल से कौशल्या फेस 1 को निकालने वाले नाले की सफाई न होने एवं नाले को कौशल्या की ओर खोले जाने से थोड़ी सी बारिश में ही यह क्षेत्र पानी से पूरी तरह से भर जाता है। विगत सप्ताह बारिश में भी यह पूरी तरह से भर गया था। क्षेत्र के लोगों द्वारा इस संबंध में नगर निगम एवं उप जिलाधिकारी रुद्रपुर को ज्ञापन भी दिया था। जिसमें उनके द्वारा नाले की सफाई का आश्वासन दिया गया था। लेकिन गत रात्रि की बारिश में फिर स्थिति बहुत खराब हो गई है। पिछले वर्ष भी बारिश के मौसम में यह हिस्सा पूरी तरह से भर गया था। बच्चों को स्कूल आने-जाने में बहुत परेशानी होती है। उन्होंने बताया कि मंदिर से नीचे की सभी गलियों में घुटने घुटने तक पानी भरा हुआ है। कौशल्या निवासियों ने प्रशासन से अपील की है कि अति शीघ्र बगवाड़ा रोड से कौशल्या को निकालने वाले नाले को बंद किया जाए एवं बगवाड़ा रोड के समानांतर चलने वाले नाले की सफाई की जाए जिससे यह पानी कॉलोनी में ना घुस पाए।



# दशहरा पर्व मनाने के लिए मोदी मैदान उपयुक्त

विगत कई वर्षों से रुद्रपुर शहर में किच्छा बाईपास रोड़ पर मुख्य रामलीला का भव्य नाटक मंचन होता है। शहर की घनी आबादी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। पहले रुद्रपुर शहर एक बहुत छोटा सा कस्बा हुआ करता था। फिर एक नगर बना फिर शहर अब महानगर बन गया है।महानगर बनने के साथ-साथ उद्योग नगरी की हलचल के कारण यहां पर लाखों की संख्या में निरंतर भीड़ बढ़ती जा रही है और रामलीला मंच के आमंचन के बाद जैसे कि रावण वध की रामलीला का मंच जिसको दशहरा का पावन पर्व महोत्सव के रूप में मनाया जाता है। गांधी पार्क में आयोजित होता है। जहां उमड़ने वाली भीड़ के सामने गांधी पार्क छोटा पड़ता दिखाई देने लगा है। इसलिए रामलीला मंच के सभी पदाधिकारी, संरक्षक, अध्यक्ष व जितने नाटक मंचन में



कार्यकर्ता हैं सहित जिलाधिकारी, एसएसपी, नगर आयुक्त, क्षेत्र के विधायक, सांसद, मेहर व अन्य सभी गणमान्य बुद्धिजीवी व्यक्तियों से विनम्र अनुरोध है कि इस बार रामलीला का मंचन तो जैसे रोडवेज के सामने होता आ रहा है वही होता रहे मगर दशहरे का जो पावन पर्व है वह इस बार या हर बार लगातार किच्छा बाईपास में स्थित मोदी मैदान में किया जाए। क्योंकि शहर की बढ़ती आबादी के साथ दशहरा पर्व पर भीड़ बढ़ती जा रही है और गांधी पार्क अब बहुत छोटा नजर आता है। जैसे कि अभी कुछ दिन पहले एक सत्संग समारोह में अचानक से भगदड़ मच गई थी और कई भक्तों की जान चली गई थी। उसका मुख्य कारण था अत्यधिक भीड़ का होना और ऐसे आयोजनों के लिए हमें एक बड़े मैदान की आवश्यकता है। अब गांधी पार्क बहुत ही ज्यादा छोटा पड़ने लगा है। इसलिए रामलीला में दशहरे का आयोजन है इस बार किच्छा बाईपास मार्ग पर मोदी मैदान में ही किया जाए। मोदी मैदान दशहरे जैसे पावन पर्व के लिए बहुत पर्याप्त जगह है। जहां दशहरे के साथ-साथ कई प्रकार के झूले, बच्चों के लिए मेले का आयोजन कर सकते हैं।

**-सर्वेश कुमार मौर्य, रूद्रपुर**

# ट्रांसपोर्टरों की मनमानी से रसोई गैस की आपूर्ति बाधित, उपभोक्ताओं में भारी रोष

गदरपुर (उद संवाददाता)। ट्रांसपोर्टरों की मनमानी के चलते इंडेन गैस की आपूर्ति बाधित हो गई। आपूर्ति के ना होने से गैस उपभोक्ताओं में भारी रोष देखने को मिला। गैस की आपूर्ति बाधित होने की सूचना कुमाऊँ मंडल विकास निगम के अलावा इंडियन ऑयल के अधिकारियों को भी दी गई। सूचना मिलने पर आईओसी के सेल्स मैनेजर दीपक राणा ने ट्रांसपोर्टर को कड़ी फटकार लगाते हुए गैस आपूर्ति सुचारू करने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि गैस प्लांट से ट्रक के जरिए एजेंसी तक गैस का ढुलान करने वाले ट्रांसपोर्टर और गैस सिलेंडर को ट्रक से उतारकर गोदाम में रखने वाली लेबर में किराए (डाले) को लेकर नोक झोक हो गई। आपको बताते चलें कि पिछले कुछ सालों से ट्रांसपोर्टर प्रत्येक गाड़ी को खाली करने के एवरेज में लेबर को 600 रूपये प्रति गाड़ी के हिसाब से भुगतान करते थे लेकिन लेबर का कहना है कि महंगाई के दौर में 600 रूपये नाकाफी हैं। लेबर का आरोप है कि दूसरी एजेंसियों पर ट्रांसपोर्टर प्रत्येक गाड़ी को खाली करने के एवज में 800 रूपये का लेबर को भुगतान करते हैं जबकि गदरपुर गैस सर्विस में पिछले काफी सालों से 600 रूपये देते आ रहे हैं। लेबर का कहना है कि भीषण गर्मी में 600 रूपये में गाड़ी उतारना संभव नहीं है इसी बात को लेकर जब ड्राइवर ने ट्रांसपोर्टर के समक्ष मजदूरो की बात को रखा तो ट्रांसपोर्टर अड़ गया और उसने 800 रु देने से मना कर दिया। तो वही मजदूरों ने भी 600 रूपये में गाड़ी को उतरने से इनकार कर दिया। ट्रांसपोर्टर और मजदूरों की इस आपसी लड़ाई के कारण गैस की आपूर्ति बाधित हो गई। गैस की सप्लाई न होने से गैस उपभोक्ताओं में रोष उत्पन्न हो गया। उपभोक्ताओं की भारी नाराजगी को देखते हुए गैस एजेंसी प्रबंधन ने इसकी सूचना कुमाऊँ मंडल विकास निगम के अधिकारियों को देने के साथ ही इंडियन ऑयल के अधिकारियों को दी। ट्रांसपोर्टरों के इस रवैये को देखकर आईओसी के सेल्स ऑफिसर दीपक राणा भड़क गए और उन्होंने उन्हें कड़ी फटकार लगाते हुए गैस की सप्लाई को शीघ्र सुचारु करने के निर्देश दिए। इसके अलावा कुमाऊँ मंडल विकास निगम के अधिकारियों ने भी ट्रांसपोर्टर से वार्ता कर मामले को शीघ्र सुलझाने की बात कही।

# राजभवन में हरियाली तीज की धूम

देहरादून (उद संवाददाता)। मंगलवार को राजभवन में भारतीय संस्कृति की प्राचीन त्योहारों में से एक ''हरियाली तीज'' के पावन अवसर पर राजभवन में कार्यरत महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों व अन्य अधिकारियों एवं महत्ता और भारतीय संस्कृति में इसके महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण से हुई, जिसके बाद विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। नृत्य और संगीत के माध्यम से कलाकारों ने तीज के त्योहार का जीवंत चित्रण याद दिलाता है। उन्होंने उपस्थित सभी महिलाओं को तीज की शुभकामनाएं दीं और इस पर्व के माध्यम से सभी के जीवन में खुशहाली और समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के समापन पर प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। तीज प्रतियोगिता में श्रीमती संतोषी तीज क्वीन बनी। दूसरे स्थान पर श्रीमती सोनिया एवं तीसरे स्थान पर श्रीमती मीनाक्षी पंवार रहीं। इस अवसर पर विजेता महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। इस





कर्मचारियों की पत्नियों ने एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग कर पारंपरिक तीज उत्सव की किया। इस अवसर पर प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर ने कहा कि तीज महोत्सव महिलाओं के सौंदर्य, श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक है। यह हमें भारतीय संस्कृति की गहराई और विविधता की सभी का आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम की सफलता के लिए आयोजकों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम हमारी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित और संजोए रखने में कार्यक्रम में आई.जी. श्रीमती विम्मी सचदेवा रमन, अपर सचिव श्री राज्यपाल श्रीमती स्वाति एस. भदौरिया, वित्त नियंत्रक डॉ तृप्ति श्रीवास्तव सहित राजभवन परिवार की महिलाओं ने प्रतिभाग किया।




# आयुक्त ने एनएचआई के निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण





हल्द्वानी (उद संवाददाता)।आयुक्त दीपक रावत ने मंगलवार को तीनपानी बाईपास, मोटाहल्दू क्षेत्र में एनएचएआई के द्वारा किये जा रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। तीन पानी बाईपास पर एनएचएआई के द्वारा रेलवे क्रासिंग पर ओवर ब्रिज में ड्रेनेज सिस्टम नही होने के कारण लोगों के घरो, खेतों में पानी वर्षाकाल में आने की शिकायत पर आयुक्त श्री रावत ने मौके पर स्थलीय निरीक्षण कर प्रोजेक्ट मैनेजर एनएचएआई, जलनिगम, सिंचाई के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वर्षाकाल के पानी के ड्रेनेज के लिए सिस्टम बनाये जाएं साथ ही उन्होने कहा जो सर्विस मार्ग बन रहा है वहां पर नहर की चौडाई को बढाया जाए और उस पानी को अन्यत्र छोडा जाए जिससे लोगो के घरों एव फसलों को नुकसान से बचाया जा सके। इसके लिए आयुक्त श्री रावत ने सिंचाई, एनएचएआइ एवं जलनिगम के अधिकारियों को प्लानिंग के तहत कार्य कर जल निकासी की सिस्टम को सही व्यवस्था के तहत करने के निर्देश दिये। इस दौरान क्षेत्रवासियों द्वारा बताया गया किया कि उनकी भूमि का अधिग्रहण कर लिया है लेकिन मुआवजा नही मिला। आयुक्त ने कहा सभी को भूमि का मुआवजा शीघ्र दिया जायेगा। उन्होने इसके लिए एनएचएआई के अधिकारियो को निर्देशित किया है कि क्षेत्रवासियों की समस्या का समाधान शीघ्र किया जाए। उन्होंने कहा पूर्व में ड्रेनेज का प्रस्ताव नही था। आबादी बढने से ड्रेनेज की समस्या उत्पन्न हो गई है इसके लिए ड्रेनेज के प्रस्ताव भेज दिये है शीघ्र ही जल निकासी की समस्या से लोगों को निजात मिलेगी। निरीक्षण के दौरान विधायक डा. मोहन सिंह बिष्ट, मुख्य अभियंता सिचाई संजय शुक्ल, प्रोजेक्ट मैनेजर एनएचएआई विकास मित्तल, तहसीलदार सचिन कुमार के साथ ही क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

# नकली नोट के साथ युवक गिरफ्तार

नैनीताल। मुजफ्फरनगर से नैनीताल घूमने आए युवक को कारोबारियों ने नकली नोट के साथ पकड़ लिया। युवक की तलाशी लेने के बाद उसके पास नकली भारतीय मुद्रा व दुबई की करेंसी मिली है। युवक के अन्य तीन फरार साथियों को पुलिस खोज रही है। जानकारी के अनुसार, मुजफ्फरनगर से अकील बालियान(27) अपने तीन दोस्तों के साथ घूमने के लिए नैनीताल पहुंचा था। पार्किंग में वाहन पार्क करने के बाद चारों मल्लीताल बाजार में घूमने चले गए। इस दौरान चारों ने बाजार की दुकानों से खरीददारी की, लेकिन एक दुकान में सामान खरीदने के बाद जैसे ही चारों दुकान से आगे निकले तो दुकान संचालक ने नकली नोट पहचान लिया। दुकानदार ने युवकों का पीछा कर अकील को पकड़ लिया। जिसके बाद दुकानदार युवक को कोतवाली ले आया। दुकानदार को युवक को पकड़ता देख साथी तीन युवक मौके से फरार हो गए। पुलिस ने युवक की तलाशी ली तो उसके पास दुबई की करेंसी व भारत की करेंसी पाई गई। पुलिस ने बैंक में नोट की जांच कराई तो नोट नकली पाए गए। पूछताछ के दौरान युवक ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ घूमने के लिए आया था। रास्ते में उसके साथी ने उसको नकली नोट दिए। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि गांव बालियान नियर चांद मस्जिद, मुजफ्फरनगर उत्तरप्रदेश निवासी अकील बालियान को गिरफ्तार कर सम्बंधित धारा के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। अन्य तीन युवकों की तलाश की जा रही है।

# क्रिप्टो करेंसी के नाम पर धोखाधड़ी का केस दर्ज

खटीमा। क्रिप्टो करेंसी के नाम पर ठगी का मामला प्रकाश में आया है। एक व्यक्ति की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहेनिया निवासी कृष्ण सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि भूड़ निवासी रमेश राणा ने उसे लगभग सात वर्ष पूर्व अपनी दुकान में बुलाया और क्रिप्टो कॉइन (वन कॉइन) में रुपये लगाने को कहा। उसे बताया कि इसमें बहुत ज्यादा पैसा है। लालच में आकर उसने भी निवेश की सोची। रकम नहीं होने पर उसने बैंक से ऋण लिया। रमेश ने कैश नहीं निकालने की सलाह देते हुए कहा कि वह आरटीजीएस के माध्यम से रकम ट्रांसफर करा लेंगे। 25 अगस्त 2017 को रमेश ने उसके साथ बैंक खाते से 1,52,150 रुपये ट्रांसफर कराए और 7,850 रुपये नकद लिए। इसके उपरांत उसने छह महीने बाद मिलने की बात कही। छह महीने बाद उसने पैसे मांगे तो रमेश ने बताया कि अभी वन कॉइन को मान्यता नहीं मिल पा रही है। कुछ समय बाद रकम के बारे में पूछा तो आरोपी ने आईडी ब्लॉक होने की बात कहते हुए उसे खुलवाने के लिए और पैसे लगने की बात कही। आईडी नहीं खुलवाने और केवाईसी नहीं करवाने पर रमेश ने पैसे डूबने का डर दिखाया। फिर उससे दो बार में 7,300 रुपये ट्रांसफर कराए गए । कृष्ण सिंह के अनुसार रमेश ने उसे बताया कि क्रिप्टो में कई पैकेज चल रहे हैं। पैकेज के हिसाब से ही वन कॉइन खरीदे जाएंगे और छह महीने के बाद उसी के अनुसार रकम मिलेगी। बताया कि 12,000 रुपये के पैकेज में छह माह बाद 60,000, 54,000 के पैकेज में 12 लाख और 1.60 लाख के पैकेज में छह माह बाद 50 लाख रुपये मिलेंगे।



# राष्ट्रीय कार्यक्रमों को आम जनमानस तक पहुंचायें:भट्ट

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।राज्य स्तरीय राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य एवं अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष सुरेश भट्ट द्वारा जनपद के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की समीक्षा बैठक मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में ली गयी। बैठक के दौरान श्री भट्ट ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपाध्यक्ष सुरेश भट्ट द्वारा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया । भारत सरकार द्वारा संचालित सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों को आम जनमानस तक आवश्यक रूप से पंहुचाने हेतु निर्देशित किया गया । उन्होंने कहा कि अंतिम व्यक्ति तक सभी स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ पंहुचाया जाए तथा नियमों का कड़ाई से पालन किया जाए । इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, संचारी तथा गैर संचारी रोगों की रोकथाम हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा किये जा रहे प्रयासों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज कुमार शर्मा को दिए ।उन्होंने प्रतिरक्षण कार्यक्रम, अंधता निवारण, के साथ ही विभाग में किये जा रहे निर्माण कार्यों की भी जानकारी ली । वर्तमान में जनपद में डेंगू की स्थिति के बारे में सी.एम.ओ. द्वारा उन्हें अवगत कराते हुए बताया गया कि वर्तमान में जनपद में आतिथि तक डेंगू का कोई भी केस प्राप्त नहीं हुआ है, लेकिन एहतियात के तौर पर सभी सरकारी चिकित्सालयों में डेंगू वार्ड स्थापित किये जा चुके हैं तथा आम जनमानस में इसका व्यापक प्रचार– प्रसार भी किया जा रहा है। सी.एम.ओ. द्वारा अवगत कराया गया कि आशा कार्यकत्रियों द्वारा भी घर घर जाकर सोर्स रिडक्शन का कार्य किया जा रहा है ।इस अवसर पर उपाध्यक्ष सुरेश भट्ट के साथ विधायक रुद्रपुर शिव अरोरा, जिला अध्यक्ष भाजपा गुंजन सुखीजा, जिला महामंत्री भाजपा अमित नारंग, अभिषेक सक्सेना द्वारा समीक्षा बैठक के बाद कार्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया ।समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य विभाग से जिला चिकित्सालय रुद्रपुर के पी.एम.एस. डॉ. के.के. अग्रवाल, ए.सी.एम.ओ. डॉ. डी. पी. सिंह, डॉ. हरेन्द्र मलिक, डॉ. एस.पी सिंह,समस्त चिकित्सा अधीक्षक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एन.एच.एम. हिमांशु मस्यूनी समेत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के समस्त कार्मिक उपस्थित रहे।



# श्रम कार्ड धारकों को बांटी किट

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने जगतपुरा क्षेत्र में श्रम विभाग द्वारा लगाये गये कैम्प मे पजीकृत श्रम कार्ड धारको को किट वितरित की जिसमे टूल उपकरण, सेनेटरी पेड, छाता आदि शामिल था, इस दौरान 250 लोगो को किट बांटी गयी।इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने कहा कि हमारी प्रदेश की धामी सरकार सदैव गरीबो की चिंता करती है, जनकल्याणकारी योजना का लाभ जरूरतमंद लोगो को मिले ऐसा हमारा प्रयास रहता है, वही हम रुद्रपुर क्षेत्र मे जगह जगह कैम्प लगाकर पजीकृत श्रम कार्ड धारको को लगातार किट वितरण कार्यक्रम कर रहे है और आगे भी अलग अलग स्थानों पर किट बाटी जायेगी। कार्यक्रम मे लेबर इंस्पेक्टर बलराम सिंह मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, महामंत्री राधेश शर्मा, मैं वर्तमान पार्षद शिवकुमार गंगवार राजेंद्र राठौड़ निमित्त शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की कार्यकारिणी का किया विस्तार

किच्छा(उद संवाददाता)।भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक द्वारा गुरुद्वारा सिंह सभा किच्छा में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमे वर्तमान में चल रही समस्याओं और उनके समाधान पर चर्चा कर संगठन का विस्तार किया गया जिसकी अध्यक्षता राजेन्द्र सिंह ढिल्लो ने की। प्रदेश अध्यक्ष सलविंदर सिंह कलसी ने कहा कि धान 126 की सरकारी खरीद होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि जिस तरह हमारी यूनियन ने उत्तर प्रदेश में किसानो का नलकूप बिजली बिल माफ करवाया गया उसी प्रकार हम उत्तराखंड में भी किसानो के बिजली बिल माफ करवाने हेतु प्रयास करते रहेंगे। जिला अध्यक्ष (युवा) राजेन्द्र काम्बोज ने बताया कि हमारी यूनियन बंजर जमीनों, वर्ग 6 और वर्ग 4 की जमीनों के नियमतीकरण हेतु लगातार प्रयास कर रही है। जिन जमीनों पर किसान दशकों से काबिज है उसका मालिकाना हक उसी किसान को मिलना चाहिए। इसके अलावा आवारा पशुओं के कारण हो रही फसलों के नुकसान को खत्म करने पर चर्चा की गई। संगठन का विस्तार करते हुए खुर्शीद अहमद को जिला ऊधम सिंह नगर का जिला संगठन मंत्री, मोहमद आसिफ को किच्छा तहसील अध्यक्ष, रविन्द्र सिंह को ब्लॉक रुद्रपुर का ब्लॉक अध्यक्ष युवा, मोहमद फईम को किच्छा का नगर अध्यक्ष और जसविंदर कौर को महिला मोर्चा मे किच्छा तहसील अध्यक्षा के पद पर मनोनीत किया गया। बैठक में बरेली जिला अध्यक्षतेजपाल गंगवार, देवेन्द्र सिंह विर्क, संतोख सिंह रंधावा,अमन बठला, सुखविंदर बठला,सुदेश डंग,संजय चौधरी, धर्मपाल, बक्शा सिंह, साहब सिंह, जोगिंदर सिंह, निरवेल सिंह, लखविंदर सिंह, बलवीर सिंह विर्क, सुरजीत बेदी, स्वर्ण सिंह, नरेन्द्र, सहित अन्य किसान उपस्थित रहे।



# महावर वैश्य सभा के हरीश अध्यक्ष व नीरज महामंत्री निर्वाचित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। महावर वैश्य सभा हल्द्वानी की द्विवार्षिक आम सभा आयोजित हुई। जिसमें निवर्तमान कार्यकारिणी का आय व्यय एवं कार्य का व्योरा वर्तमान अध्यक्ष प्रेम गुप्ता द्वारा प्रस्तुत किया गया। उसके उपरांत नई कार्यकारिणी की चुनाव प्रक्रिया के लिए मुख्य चुनाव अधिकारी विपिन गुप्ता था सहायक चुनाव अधिकारी सौरभ गुप्ता की देखरेख में चुनाव कराया गया। महावर वैश्य सभा हल्द्वानी के लिए हरीश नारायण अध्यक्ष और नीरज गुप्ता द्वारा महामंत्री हेतु आवेदन किया गया। दोनों पदों पर एक एक ही नाम होने से उनका निर्वाचन निर्विरोध हुआ। नवनिर्वाचित अध्यक्ष हरीश नारायण गुप्ता और महामंत्री नीरज गुप्ता द्वारा समाज हितों हेतु अग्रणी भूमिका का निर्वहन करते हुए कार्य करने के प्रति प्रतिबद्धता जाहिर की गई। इसके साथ ही महावर वैश्य महिला समिति का भी चुनाव कराया गया। जिसमें अलका गुप्ता अध्यक्ष, प्रेरणा गुप्ता महामंत्री, युवा अध्यक्ष में संदीप गुप्ता, चेतन गुप्ता का महामंत्री के रूप में निर्वाचन किया गया। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी का महावर वैश्य सभा के निवर्तमान अध्यक्ष प्रेम गुप्ता और महामंत्री केएल गुप्ता एवं महिला वैश्य समिति की निवर्तमान अध्यक्ष कृष्णा गुप्ता, महामंत्री दीपा गुप्ता ने माल्यार्पण कर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को कार्यभार सौपा। इस मौके पर महावर वैश्य समिति के बड़ी संख्या में सदस्य गण उपस्थित रहे।



# इंस्पिरेशन स्कूल में फायरलैस कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल में मास्टर शेफ डी इंस्पिरेशन फायरलैस कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के कक्षा 6 से 8 तक के 108 प्रतिभागियों ने अपने समूह के साथ प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के उत्साहवर्द्धन हेतु मुख्य अतिथि एवं निर्णायक डॉ0 नेहा भट्ट (असिस्टेन्ट प्रोफेसर, पॉल कॉलेज ऑफ टेक्नोलोजी एण्ड मैनेजमेंट) एवं शेफ हेमा (असिस्टेन्ट प्रोफेसर, पॉल कॉलेज ऑफ होटल मैनेजमेंट) उपस्थित थीं। सभी बच्चों ने अपनी रूचि तथा अपनी क्षमता के अनुसार विभिन्न प्रकार के व्यंजनों को पूरे एहतियात से तैयार कर अतिथियों तथा निर्णायक मण्डल के सम्मुख परोसा। इन व्यंजनों में फ्रूट शेक, जूस, कॉल्ड कॉफी, लस्सी, मोहितो, जलजीरा, बटर मिल्क, पापड़ी चाट, दही बड़ा, भेलपुरी, सेन्डविच, गोलगप्पे, बर्गर, टाकोज, मोमोज आदि तैयार किए। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य आज की पीढ़ी के लिए पाक कला में अभिरूचि तथा संबंधित नए आयामों को बताना था। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों में मिलजुलकर कार्य करना, अपने कार्य के प्रति सजगता तथा जिम्मेदारी की भावना को विकसित करना था। निर्णायक मण्डल द्वारा प्रतिभागियों की इस पाक स्पर्धा का आँकलन व्यंजनों को बनाने की विधि, स्वाद एवं शुद्धता को ध्यान में रखकर किया गया। साथ ही प्रतिभागियों ने अपने-अपने व्यंजनों का प्रदर्शन बहुत ही आकर्षक ढंग से सुसज्जित काउण्टर में प्रदर्शित किया। प्रतियोगिता का आयोजन इवेंट कॉर्डीनेटर सुश्री स्मिता पंत तथा श्रीमती रीता राठौर के दिशा-निर्देशों में किया गया। विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ0 गीतिका बल्यूटिया, प्रधानाचायश्री अनुराग माथुर तथा उप-प्रधानाचार्या श्रीमती ममता तनेजा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की और सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# सुख और दुख दोनों प्रारब्ध के अधीन: शास्त्री

गदरपुर। श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार में सावन मास के उपलक्ष में चल रही कथा के 17वें दिवस की कथा करते हुए कथा वाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री जी ने कहा कि वैसे तो मनुष्य दुख नहीं मांगता फिर भी वह अचानक आ धमकता है, प्रयत्न के बिना भी जिस प्रकार प्रारब्धता अनुसार दुख आता है उसी प्रकार सुख भी आता है,सुख और दुख दोनों प्रारब्ध के अधीन है, प्रारब्ध के अनुसार ही वे प्राप्त होते हैं, दरिद्र संपन्न हो जाता है और संपन्न दरिद्र, पूर्व जन्मो का फल है प्रारब्धता। अत: सांसारिक सुख भोंगों की प्राप्ति के लिए प्रयत्न ना करके परमात्मा को प्रसन्न करने के लिए ही प्रयत्न करो।प्रसाद की सेवा रघुवंश सिंह के परिवार द्वारा दी गई।



# व्यापार मण्डल ने वरिष्ठ पत्रकार बतरा को किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पत्रकार एवं लोक रचना समिति के संयोजक केवल कृष्ण बतरा को उनके सराहनीय कार्यों के लिए व्यापार मण्डल पदाधिकारियों एवं व्यापारियों ने विगत रात्रि एक होटल में सम्मानित किया। बता दें श्री बतरा पिछले कई वर्षों से स्कूली बच्चों की गायन प्रतियोगिता का सफल आयोजन करा रहे हैं। इस मंच से निकली कई प्रतिभायें इंडियन आईडल जैसे शो में भी पहुंच चुकी है। प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए श्री बतरा द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए व्यापार मण्डल पदाधिकारियों और व्यापारियों ने श्री बतरा को एक होटल में मंच पर सम्मानित किया। इस दौरान व्यापार मण्डल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने कहा कि वरिष्ठ पत्रकार केवल बतरा समाज के प्रति अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन कर रहे हैं। सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ साथ उनके द्वारा समय समय पर मेधावी बच्चों का सम्मान करके उनका हौंसला भी बढ़ाया जाता है। सम्मानित करने वालों में व्यापार मण्डल महामंत्री मनोज छाबड़ा, कोषाध्यक्ष संदीप राव, पूर्व महामंत्री हरीश अरोड़ा, पूर्व युवा अध्यक्ष राजेश कामरा, पूर्व युवा महामंत्री पवन गाबा पल्ली, केजीसीई के अध्यक्ष अशोक बंसल, वरिष्ठ उद्योगपति अर्जुन गुप्ता, एमेनिटी स्कूल के प्रबंधक सुभाष अरोड़ा, वरिष्ठ पत्रकार परमपाल सुखीजा, अमित बांगा, सुमित बांगा, कंवलजीत बठला ,शिवा चावला आदि भी शामिल थे।



# विजडम स्कूल में मनाया वाणिज्य दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।विजडम पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वाणिज्य दिवस बहुत धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक गोपाल सिंह पटवाल, मुख्य अतिथि डॉक्टर जगदीश बडोला, (सेवानिवृत्त उपनियंत्रक गोविन्द बल्लभ पंत विश्वविद्यालय)समन्वयक प्रीती नयाल, विद्यालय के शिक्षक /शिक्षिकाएं उपस्थित थे। 11जी तथा 12जी वाणिज्य वर्ग के विद्यार्थियों ने सम्बन्धित विषय के शिक्षक आयुष दत्त एवं कुमारी ममता चिलवाल के कुशल निर्देशन में महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की। विद्यार्थियों ने वस्तु एवं सेवाकर से सम्बन्धित विषय पर अभिनय के माध्यम से महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। मुख्य अतिथि डॉक्टर जगदीश बडोला ने विद्यार्थियों को अपने विषय पर ध्यान केंद्रित करने तथा आने वाले अवसरों के लिए प्रेरित किया। अंत में विद्यालय के प्रबंध निदेशक गोपाल सिंह पटवाल ने विद्यार्थियों को वाणिज्य दिवस की हार्दिक शुभकामनायें देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## कोचिंग केंद्रों पर शिकंजा

कोचिंग केंद्रों की पारस्परिक स्पर्धा, भ्रामक विज्ञापनों, अनावश्यक जांच परीक्षाओं, मनमानी फीस वसूली, कक्षाओं में जरूरी सुविधाओं का ध्यान न रखने आदि को लेकर काफी समय से सवाल उठते रहे हैं। मगर जबसे दिल्ली के एक कोचिंग केंद्र के तलघर में चल रहे पुस्तकालय में पानी भरने से तीन छात्रों की मौत का मामला सामने आया है, कोचिंग केंद्रों पर शिकंजा कसता नजर आ रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले का स्वत: संज्ञान लिया और इस संबंध में कड़ी टिप्पणियां की हैं। अदालत ने कहा है कि कोचिंग केंद्र मौत का कुआं बन चुके हैं। ये अभ्यर्थियों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। जब तक इनमें भवन सुरक्षा संबंधी नियमों का समुचित पालन नहीं होता, तब तक इन्हें अपनी कक्षाएं आनलाइन चलानी पड़ेंगी। अदालत ने केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार को भी नोटिस जारी कर पूछा है कि इस संबंध में उन्होंने क्या उपाय किए हैं। कोचिंग केंद्रों में मनमानी केवल दिल्ली तक सीमित नहीं है। कोटा के कोचिंग केंद्रों पर भी लंबे समय से सवाल उठते रहे हैं। वहां छात्रों की खुदकुशी को लेकर लगातार विरोध के स्वर उभरते रहे हैं। इस संबंध में केंद्र सरकार ने कुछ नियम-कायदे जरूर जारी किए, मगर उसमें विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर कोई भरोसेमंद उपाय नजर नहीं आता। दिल्ली मामले के बाद जब तलघर में कक्षाएं, पुस्तकालय आदि चलाने को लेकर सवाल उठने शुरू हुए तो नगर निगम और पुलिस ने ऐसे कोचिंग केंद्रों पर तालाबंदी जरूर कर दी, मगर कोचिंग केंद्रों की दलील थी कि तलघर के उपयोग को लेकर दिल्ली में कोई स्पष्ट नियम नहीं है। जो नियम हैं, उनमें काफी विरोधाभास है। हर घटना के बाद इस तरह के तर्क और दलीलें दी ही जाती हैं, मगर यह स्पष्ट है कि न केवल कोचिंग केंद्रों, बल्कि सरकार और संबंधित महकमों को विद्यार्थियों की जिंदगी की कोई परवाह नहीं है। यह स्पष्ट है कि कोचिंग केंद्र एक समांतर शिक्षा व्यवस्था चला रहे हैं, जिसके लिए कोई स्पष्ट कानून और नियम-कायदे अभी तक नहीं बने हैं। जब तक इसके लिए कोई नियामक व्यवस्था नहीं बनेगी, तब तक विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर कोई भरोसा नहीं पैदा हो सकता।

# विश्वविद्यालय के दो विद्यार्थियों का ऑस्ट्रेलिया में प्रशिक्षण

पन्तनगर(उद संवाददाता)। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान के नेतृत्व में इस वर्ष विभिन्न संस्थानों में विष्वविद्यालय के दो विद्यार्थियों का प्रषिक्षण ऑस्ट्रेलिया हो रहा है। विश्वविद्यालय के अन्तर्राष्ट्रीय मामलों के निदेशक डा. एच.जे. शिव प्रसाद ने जानकारी देते बताया कि पश्चिमी सिडनी विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया द्वारा आयोजित दो माह के प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए विश्वविद्यालय के दो प्रतिभाशाली विद्यार्थियों, जसप्रीत कौर और काव्या को भेजा जा रहा है जो अत्यंत गौरव का विषय है। जसप्रीत कौर उद्यान विभाग में डा. रंजन श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में पीएच.डी. कर रही हैं और काव्या, कीट विज्ञान विभाग में डा. जे.पी. पुरवार के मार्गदर्शन में कार्यरत हैं। दोनों ने अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक योग्यता और अनुसंधान में समर्पण से यह प्रतिष्ठित अवसर प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि 'हिमालयी क्षेत्र, उत्तराखण्ड, भारत में रियल-टाइम ऑटोमेटेड पेस्ट मॉनिटरिंग' परियोजना के तहत कार्य करना होगा, जो शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित स्कीम फॉर प्रमोशन ऑफ




एकेडमिक एंड रिसर्च कोलैबोरेशन के तहत संचालित है। काव्या ने अपने अनुसंधान कार्य में विशेषता और नई तकनीकों के प्रयोग से यह सम्मान प्राप्त किया है।पश्चिमी सिडनी विश्वविद्यालय में आयोजित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम इन छात्रों के लिए एक अनमोल अवसर है। इस कार्यक्रम के माध्यम से वे उन्नत प्रयोगशाला उपकरण, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग, सेंसर और उद्यान फसलों में प्रक्षेत्र प्रयोगों के साथ विशेष रूप से स्वचालित कीट निगरानी के बारे में गहन ज्ञान अर्जित करेंगे। यह अनुभव उनके शैक्षणिक और व्यावसायिक विकास में अत्यधिक सहायक सिद्ध होगा। इस प्रशिक्षण के दौरान छात्र पश्चिमी सिडनी विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं के पर्यवेक्षण में प्रशिक्षण कार्यक्रम का पालन करेंगे, जो इस परियोजना में विशेषज्ञता रखते हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा दोनों विद्यार्थियों को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी गयी और उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वे इस अवसर का पूर्ण उपयोग करेंगे और अपनी प्रतिभा व कौशल को और निखारेंगे। जसप्रीत कौर और काव्या की इस सफलता से विश्वविद्यालय के अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिलेगी और वे भी अपने शैक्षणिक व अनुसंधान कार्यों में उत्कृष्टता प्राप्त करने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर कुलसचिव डा. दीपा विनय, अधिष्ठाता स्नातकोत्तर महाविद्यालय डा. के.पी. रावेरकर, अधिष्ठाता कृषि डा. एस.के. कश्यप द्वारा उनकी महान उपलब्धि के लिए दोनों विद्यार्थियों को खुशी जाहिर कर आर्शीवाद दिया।

# चकलुवा नाले के दोनों तरफ फंसे सैंकड़ों वाहन

रामनगर। बारिश ने उत्तराखंड के कई जिलों में कहर बरपाया हुआ है. हल्द्वानी रामनगर स्टेट हाईवे पर चकलुवा के पास बरसाती नाले का तेज बहाव आने से सैकड़ों यात्री और वाहन हाईवे में फंस गए हैं। बता दें 31 जुलाई को पानी के तेज बहाव में नाले पर बना पुल बह गया था. मंगलवार को बारिश के बरसाती नाले का तेज बाहव आ गया. जिससे नाले के दोनों तरफ सैंकड़ो यात्री और वाहन फंस गए. यात्री जान जोखिम में डालकर बरसाती नाल के तेज बहाव को पार कर रहे हैं. कालाढूंगी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाल लिया है. पुलिस की टीम बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों का हाथ पकड़ कर बरसाती नाले को पार करा रही है. ताकि कोई बड़ा हादसा न हो. बताते चलें सात जून को हाईवे का हिस्सा बाधित हो गया था. जिसकी मरम्मत की गई. हालांकि के बाद एक बार फिर सड़क का एक बड़ा हिस्सा पानी में बह गया. जिससे यात्रियों को आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# केदारघाटी में फंसे यात्रियों का रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा





देहरादून/रूद्रप्रयाग(उद संवाददाता)। केदारघाटी में फंसे यात्रियों का रेस्क्यू ऑपरेशन मंगलवार को पूरा हो गया है। केंद्र और राज्य सरकार के निर्देशन में रिकॉर्ड समय में 15 हजार से अधिक यात्री एवं स्थानीय लोगों को हवाई तथा पैदल मार्गों से सुरक्षित रेस्क्यू किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि अब हमारा प्रयास है कि केदारघाटी में जल्द से जल्द हालात सामान्य हों। 31 जुलाई को केदारघाटी में अतिवृष्टि के चलते केदारनाथ पैदल मार्ग में अलग-अलग स्थानों पर क्षतिग्रस्त मार्ग के कारण हजारों की संख्या में यात्री फंस गए थे। उनको सकुशल रेस्क्यू करने के लिए मुख्यमंत्री ने स्वयं रेस्क्यू ऑपरेशन की सतत निगरानी की। मुख्यमंत्री ने प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने तथा लोगों को रेस्क्यू करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वयं दो बार आपदाग्रस्त क्षेत्रों का दौरा किया। राहत और बचाव कार्यों में लगी टीमों को जिन भी संसाधनों की जरूरत पड़ी उन्हें मुख्यमंत्री के निर्देश पर तुरंत उपलब्ध कराया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 31 जुलाई को जैसे ही यह घटना घटित हुई, उन्होंने भारत सरकार से यात्रियों को रेस्क्यू करने के लिए वायु सेना के हेलीकॉप्टर उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। भारत सरकार द्वारा तुरंत चिनूक तथा एमआई-17 हेलीकॉप्टर रेस्क्यू अभियान के लिए उपलब्ध करवाए गए। उन्होंने इस रेस्क्यू अभियान में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी तथा गृह मंत्री श्री अमित शाह द्वारा प्रदान किए गए सहयोग के लिए उनका आभार जताया। इसके अलावा 05 स्टेट हेलीकॉप्टरों के माध्यम से भी सैकड़ों यात्रियों का रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। केदारघाटी में आपदा से क्षतिग्रस्त हुए मार्गों को दुरुस्त करने का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। मुख्यमंत्री स्वयं एक-एक कार्य की निगरानी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि केदारघाटी में जल्द से जल्द हालात सामान्य हों और बाबा केदार के भक्त एक बार फिर दर्शन के लिए पहुंचे। विभाग जल्द कार्य पूरा कर सकें, इसके लिए अधिप्राप्ति नियमावली में छूट प्रदान की गई है। राहत और निर्माण कार्यों के लिए धनराशि की कमी नहीं होने दी जाएगी। कहीं पर कोई कार्य करने में छूट चाहिए तो वह भी तत्काल दी जाएगी। उन्होंने कहा कि वे स्वयं सभी निर्माण कार्यों की निगरानी करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि रेस्क्यू अभियान में शामिल एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सेना, पुलिस, डीडीआरएफ, जिला प्रशासन, जीएमवीएन, लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, पेयजल विभाग तथा अन्य रेखीय विभागों के कर्मचारियों ने आपसी समन्वय स्थापित करते हुए खोज एवं बचाव कार्यों को त्वरित गति से अंजाम दिया। यही कारण है कि इतनी बड़ी आपदा आने के बावजूद इतने कम समय में हजारों यात्रियों का सकुशल रेस्क्यू करना अपने आप में सराहनीय कार्य है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि कल बुधवार यानी ७ अगस्त से श्री केदारनाथ धाम के लिए हेली सेवाएं प्रारंभ हो जाएंगी। जो भी श्रद्धालु हेली सेवा के जरिए बाबा केदार के दर्शन के लिए आएंगे, उन्हें व्यवस्थाएं दुरुस्त होने तक सीमित समय के लिए किराए में कतिपय शर्तों एवं प्रतिबंधों के साथ 25 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। इसकी प्रतिपूर्ति राज्य सरकार द्वारा की जाएगी। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने कहा कि सात दिन में पैदल मार्ग से भी केदारनाथ यात्रा सुचारू हो जाएगी। चौमासी से भैरव मंदिर तक के मार्ग को वैकल्पिक मार्ग के रूप में बनाने का कार्य भी किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा से कई परिवारों की आर्थिकी चलती है, इसलिए सरकार का ध्येय है कि जल्द से जल्द यात्रा प्रारंभ हो और पूरा फोकस है कि किस तरह से यात्रा को और अधिक सुरक्षित बनाया जाए। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने रामपुर तथा सोनप्रयाग में स्थानीय लोगों से संवाद के दौरान कठिन परिस्थितियों में प्रशासन और सरकार के साथ कंधा से कंधा मिलाकर रेस्क्यू अभियान में योगदान देने के लिए सभी को धन्यवाद दिया। वहीं चौमासी प्रधान मुलायम सिंह सहित रुद्रप्रयाग प्रधान संगठन के अध्यक्ष सुभाष रावत, केदार सभा के अध्यक्ष राजकुमार तिवारी सहित राहत कार्यों में सहयोग देने वाले अन्य लोगों का विशेष धन्यवाद दिया। इस अवसर पर उन्होंने प्रभावितों की सारी समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया।मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पूरे अभियान में मंदिर समिति, स्थानीय लोगों, पंडा व पुरोहित समाज के लोग, व्यापार मंडल तथा सामाजिक संगठनों ने भी अपना पूरा सहयोग प्रदान किया। इस पूरे रेस्क्यू अभियान में स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री के समक्ष जिलाधिकारी श्री सौरभ गहरवार की भूमिका की जमकर तारीफ की। स्थानीय लोगों ने बताया कि जिलाधिकारी और उनकी टीम द्वारा विषम परिस्थितियों में भी राहत और बचाव कार्य बेहतरीन ढ़ंग से संचालित किए गए। जिलाधिकारी ने 18-18 घंटे लगातार कार्य किया। स्थानीय लोगों ने पुलिस विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के योगदान की भी सराहना की। स्थानीय लोगों ने बताया कि पुलिस बल ने भारी बारिश के चलते यात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर रोक लिया, जिससे बड़ी संख्या में लोगों को खतरे से बचाया जा सका। पुलिस अधीक्षक डॉ. विशाखा अशोक भदाणे की नेतृत्व कुशलता और उनके प्लानिंग की भी स्थानीय लोगों ने खूब प्रशंसा की। रिकार्ड समय में बेली ब्रिज बनाने को लेकर जिलाधिकारी टिहरी श्री मयूर दीक्षित की भी लोगों ने मुख्यमंत्री के समक्ष खूब प्रशंसा की। 31 जुलाई को टिहरी में अतिवृष्टि के कारण चिरबटिया -तिलवाड़ा मोटर मार्ग में मुयालगांव में पुल बह गया था। जिलाधिकारी टिहरी द्वारा उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता का परिचय देते हुए एक सप्ताह के भीतर 18 मीटर लंबे इस पुल का निर्माण पूरा कराया गया। मुख्यमंत्री ने इस पर प्रशंसा व्यक्त करते हुए कहा कि आपदा के दौरान सभी जिलाधिकारियों द्वारा सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं।

# उत्तराखंड में भारी बारिश से 4 राज्यमार्ग समेत 87 मार्ग बंद

देहरादून। प्रदेश में बारिश आफत बनकर बरस रही है। जिससे मार्गों में जगह-जगह मलबा आने से 4 राज्यमार्ग समेत 87 मार्ग बंद हो गए हैं। बदरीनाथ नेशनल हाईवे पर गौचर कमेड़ा के पास पहाड़ी से बोल्डर आने से एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि यात्री बाल बाल बच गए और बड़ा हादसा होने से टल गया। कर्णप्रयाग से ऋषिकेश की ओर एक कार जा रही थी। तभी अचानक पहाड़ी से बोल्डर गिरने लगे। यह देख कार में बैठे लोगों की सांसे अटक गई। किसी तरह की कोई हानि नहीं हुई है।राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक बंद मार्गों को खोलने का प्रयास किया जा रहा है। बारिश के बाद देहरादून जिले के दूधली-मोथरोवाला मार्ग में मलबा आ गया है। मार्ग में सीवर लाइन की खुदाई के काम के चलते पहले ही मार्ग जगह-जगह से क्षतिग्रस्त है। अब मलबा आने से डोईवाला से दूधली होते हुए देहरादून जाने व वापस लौटने वाले यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। इससे स्थानीय लोगों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। लोगों का कहना है कि मार्ग की इस हालत के चलते दुर्घटना का खतरा बना है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक देहरादून जिले में एक राज्य और 6 ग्रामीण मार्ग, उत्तरकाशी जिले में एक राज्य और 6 ग्रामीण मार्ग, पिथौरागढ़ जिले में एक बॉर्डर और 18 ग्रामीण मार्ग, नैनीताल जिले में एक राज्य और 6 ग्रामीण मार्ग मलबा आने से बंद हैं। जबकि ऊधम सिंह नगर जिले में एक राज्य और 10 ग्रामीण मार्ग, अल्मोड़ा जिले में एक ग्रामीण मार्ग, चमोली जिले में 23 और टिहरी में 9 ग्रामीण मार्ग बंद हैं। बंद मार्गों को खोलने का प्रयास किया जा रहा है। प्रदेश के पर्वतीय जिलों में बुधवार को भारी बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से बागेश्वर जिले में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जबकि देहरादून समेत पिथौरागढ़, नैनीताल और चंपावत में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले दिनों में प्रदेशभर के अधिकतर इलाकों में तेज दौर की बारिश होने की संभावना है, जबकि पर्वतीय जिलों में तेज बारिश होने से संवेदनशील इलाकों में भूस्खलन होने के आसार हैं।

# सोनप्रयाग में पैदल आवाजाही के लिए सेना ने बनाया रस्सी का पुल

रूद्रप्रयाग। जोशीमठ से सेना की 418 इंजीनियरिंग कोर की टीम केदारघाटी के सोनप्रयाग में पैदल आवाजाही के लिए पुल बना चुकी है। सेना की यह टीम 9वीं स्वतंत्र ब्रिगेड के कमांडर के दिशा-निर्देशन में सोनप्रयाग पहुंची है।जोशीमठ ब्रिगेड से 418 इंजीनियरिंग कोर की पहली टुकडी दो दिन पहले ही सोनप्रयाग पहुंच गई थी। इस टीम ने सोनप्रयाग में मंदाकिनी के ऊपर एक पैदल पुल बनकर तैयार हो चुका है, दूसरे नर भी कार्य किया जा रहा। । इस काम में दो अधिकारी, तीन जेसीओ और 20 जवान शामिल हैं। 418 इंजीनियरिंग के ओसी के नेतृत्व में सेना की ये टीम मंदाकिनी के ऊपर एक साठ फीट लंबा और दूसरा 80 फीट लंबा पैदल ब्रिज तैयार कर रही है।नदी के एक किनारे से दूसरे किनारे रस्से बांधने के बाद इन्हें कसकर सीढ़ी बनाई जाएगी। इसके ऊपर लकड़ी के फट्टे लगए जा रहे हैं। किनारे से सुरक्षा के दृष्टिगत भी रस्सी लगाई जाएगी।

# उत्तराखंड में रह रहे 156 हिंदू-सिख शरणार्थियों को मिली नागरिकता

देहरादून। नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) लागू होने के बाद उत्तराखंड में रह रहे 156 शरणार्थियों को भारतीय नागरिकता मिली है। इनमें पाकिस्तान और अफगानिस्तान से आए हिंदू-सिख शरणार्थी शामिल हैं। हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इन सभी के प्रार्थनापत्र जांच के बाद मंजूर किए हैं। सबसे अधिक देहरादून और ऋषिकेश के 145 शरणार्थियों को लाभ मिला है। इनमें से 21 लोगों को उनके प्रमाणपत्र भी मिल चुके हैं, जबकि बाकी लोग प्रमाणपत्र का इंतजार कर रहे हैं। गौरतलब है कि वर्ष 2020 में बने सीएए को इस वर्ष मार्च में पूरे देश में लागू किया गया था। उत्तराखंड में भी भारत- पाकिस्तान बंटवारे के समय से बड़ी संख्या में हिंदू और सिख शरणार्थी रह रहे थे। इन्हें भी अन्य हजारों शरणार्थियों की तरह नागरिकता मिलने का इंतजार था। सबसे बड़ी संख्या राजधानी में ही है। इन लोगों को भारत की नागरिकता दिलाने के लिए सीमा जागरण मंच और हिंदू जागरण मंच की ओर से प्रयास किए गए। सीमा जागरण मंच के सदस्य कर्नल (सेनि.) अजय कोठियाल ने बताया, पिछले दिनों संगठन ने प्रदेशभर से कुल 156 शरणार्थियों के प्रार्थनापत्रों को केंद्रीय गृह मंत्रालय पहुंचाया था। इनमें अफगानिस्तान से आए सात हिंदू और सिख शामिल थे। ये लगभग 34 साल पहले तालिबान के डर से भारत आ गए थे, जबकि पाकिस्तान से आए 149 शरणार्थी शामिल थे। इनमें से ज्यादातर बंटवारे के समय से राज्य में रह रहे थे। कोठियाल ने बताया, जरूरी प्रक्रिया के बाद इन सभी के प्रार्थनापत्रों को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मंजूरी दे दी है। इनमें से 21 लोगों ने अपने प्रमाणपत्र भी डाउनलोड कर लिए हैं। प्रदेश के अन्य जगहों पर रह रहे इस तरह के शरणार्थियों का डाटा भी जुटाया जा रहा है। लंबी लड़ाई के बाद अब भारतीय नागरिकता मिलने के बाद इन परिवारों के चेहरे पर सुकून दिख रहा है। कर्नल कोठियाल ने बताया, शरणार्थियों के प्रार्थनापत्र पर पहले जिला स्तरीय समिति विचार विमर्श करती है। बाद में इंटेलीजेंस जांच कराई जाती है। इंटेलीजेंस से अनापत्ति प्रमाणपत्र मिलने के बाद अगली और अंतिम प्रक्रिया साक्षात्कार की होती है। इसके बाद प्रार्थनापत्रों पर मंजूरी और नामंजूरी का फैसला लिया जाता है। अंत में मंजूरी मिलने पर व्यक्ति विशेष को प्रमाणपत्र डाउनलोड करने होते हैं।

# विद्यालय में शिक्षकों के रिक्त पदों पर नियुक्ति नही होने से अभिवावक संघ नाराज



बागेश्वर(उद संवाददाता)। काफलिगैर तहसील के राइका असौ में महत्वपूर्ण विषयों के प्रवक्ताओं के पद नही भरे जाने से अभिवावकों में नाराजगी है।नाराज अभिवावकों ने विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दिवान सिंह असवाल और उक्रांद नेता के नेतृत्व में सीईओ कार्यालय में शिक्षकों की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। अभिवावकों ने राइका असों में प्रवक्ता संवर्ग में राजनीतिक विज्ञान, अर्थशास्त्र, इतिहास, हिन्दी, एवं रसायन विज्ञान, जैसे महत्वपूर्ण विषयों के पद लम्बे समय से नही भरे जाने,अभिवावक संघ द्वारा पूर्व में भी अधिकारियों को ज्ञापन देने के बाद रिक्त पदों पर शिक्षकों की तैनाती नही होने पर नाराजगी जताई।शिक्षकों के रिक्त पद नही भरे जाने से विद्यार्थी दूरस्थ क्षेत्र में विद्याध्यन के लिए जाने को मजबूर हैं।जिससे उनके पठन पाठन पर असर हो रहा है।वही कई छात्र शिक्षक नही होने से शिक्षा ग्रहण करने के बजायगरीब वर्ग के छात्र रोजगार की तलाश में अधूरे में ही विद्याध्यन छोड़ने को मजबूर हो जा रहे हैं।वही लम्बे समय से शिक्षको की मांग के बाद केवल आश्वासन मिलने से छात्रो के भविष्य के साथ मजाक किया जा रहा है। अभिवावकों ने सीईओ से मुलाकात कर शीघ्र विद्यालय में शिक्षकों की तैनाती किए जाने की मांग की।और जल्द शिक्षको की तैनाती नही होने पर छात्रों के साथ अभिवावकों ने आंदोलन की चेतावनी दी है। इस दौरान पान सिंह, पूरन सिंह, दीपा देवी, विमला असवाल, सूबेदार दीवान सिंह, हंसी देवी,आनन्द सिंह, राजेन्द्र सिंह, गोपाल सिंह, नरेंद्र असवाल, सुनीता देवी, देवकी देवी आदि मौजूद थे।

# पूर्व दर्जा मंत्री कर्नाटक ने लगाई जनता चौपाल



अल्मोड़ा(उद संवाददाता)।विधानसभा के विकासखंड हवालबाग की ग्राम सभा रौन में पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने चौपाल का आयोजन किया जिसमें उन्होंने ग्रामीणों के साथ बैठकर उनकी समस्याएं जानी और जिन समस्याओं का यथाशीघ्र समाधान संभव था उनके संबंध में तत्काल मौके से ही अधिकारियों से वार्ता की एवं अन्य समस्याओं के समाधान के लिए ग्राम वासियों से उच्च अधिकारियों से वार्ता कर उनके समाधान करने की बात कही।इस अवसर पर ग्राम वासियों ने बताया कि धामस स्थित एएनएम सेंटर की उनके ग्राम रौन से दूरी काफी है जिस कारण कोई भी कर्मचारी ग्राम रौन में नहीं आता है,जिससे उपचार एवं दवाइयां हेतु ग्राम वासियों को काफी कठिनाइयां होती हैं,जो ग्राम रौन की मुख्य समस्या है। ग्राम रौन में एएनएम सैन्टर बनाने के लिए ग्रामवासी निशुल्क भूमि देने को भी तैयार हैं तथा किराए के भवन की व्यवस्था भी ग्रामीणों द्वारा की जा सकती है,साथ ही ग्रामवासियों ने बताया कि ग्राम रौन की प्राथमिक पाठशाला भी ग्राम से काफी दूरी तोक पटकाड़ पर स्थित है।इस गांव के नजदीक ग्राम सभा रौन डाल का जो प्राइमरी स्कूल है वहां के शिक्षक बच्चों को प्रवेश नहीं देते हैं,उनका कहना है कि आप अपने बच्चों को पटकाण में प्रवेश दे,ग्रामवासियों ने अनुरोध किया कि हमारे बच्चों को ग्राम सभा रौन डाल स्कूल में प्रवेश दिलाया जाए।इसके साथ ही ग्रामवासियों ने गांव में बिजली के पोल भी काफी दूरी पर होने की समस्या से पूर्व दर्जा मंत्री को अवगत कराया और अनुरोध किया कि पांच बिजली के पोल नरेंद्र कुमार,त्रिलोक राम,प्रकाश लाल,मंदिर तथा मदन राम के घर के समीप लगाए जाएं, इसके साथ ही उरेडा से पथ प्रकाश (सौर ऊर्जा) की व्यवस्था कराई जाने की भी ग्राम वासियों द्वारा मांग की गयी। ग्रामवासियों ने श्री कर्नाटक को बताया कि गांव के रास्तों की स्थिति ठीक नहीं है,जगह-जगह दीवारें गिरी हैं,नरेंद्र कुमार,राजेंद्र कुमार,किशन राम,मदन राम,बचुली देवी के मकान के पास रास्ते को तत्काल ठीक किया जाना अत्यंत आवश्यक है।इसके साथ ही पूर्व दर्जा मंत्री ने ग्राम वासियों को दो सिलाई की मशीन देने की भी घोषणा की। इस अवसर पर मुख्य रूप से देवेंद्र प्रसाद कर्नाटक,कमलेश कर्नाटक,हेम जोशी,भूपेंद्र भोज,मनोज कुमार,सुधीर कुमार,दिनेश लाल,नरेंद्र कुमार,प्रकाश लाल,राजेंद्र लाल,त्रिलोक राम,बचुली देवी,साबुली देवी,दीपा देवी,माया देवी, विमला देवी,बचुली देवी,लक्ष्मी देवी, विमला देवी,किरण देवी,शीला देवी, पुष्पा देवी,मंजू देवी,आनंदी देवी,शांति देवी,गंगा देवी,मीना देवी,भगवती देवी, रेखा देवी,कुन्ती देवी,दुर्गा देवी,प्रकाश लाल,बची राम,जगदीश राम,केशव राम,भुवन कुमार,रमा देवी,ममता देवी, देवेंद्र राम,लीला देवी,महेश लाल, विजय कुमार,महेश राम,आनंद राम, राजन राम सहित गांव के बुजुर्ग, महिलाएं, युवा एवं बच्चे उपस्थित रहे।

## :- हरियाली तीज :-



सावन की पहली फुहार है, हरियाली तीज।
सावन की पहली बाहर है, हरियाली तीज।
हर सुहागन का प्यारा सा त्यौहार है, हरियाली तीज।
हिंदू नव वर्ष का पहला त्यौहार है, हरियाली तीज।
शिव पार्वती के मिलन का एहसास है, हरियाली तीज।
सावन में धूल कर प्राकृतिक भी मानो ,सुहागन होती है
कुछ ऐसा खास है ,हरियाली तीज
शिव शक्ति के पुनर्मिलन का यह है प्यारा सा त्यौहार है।
सुहागिन करती मिलजुल कर इस त्यौहार का आगाज।
आओ मिलजुल कर हम हरियाली तीज मनाते हैं।
इस पल को और आनंदित और खास बनाते हैं।

**- शालिनी शर्मा**

# रामलीला कमेटी का हुआ विस्तार, प्रमोद बने महामंत्री

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। रामलीला कमेटी के नए अध्यक्ष योगेश मिगलानी ने सोमवार को कार्यकारिणी का विस्तार किया । इस दौरान सर्वसम्मति से प्रमोद अरोरा को महामंत्री चुना गया । इसी के साथ अन्य पदों पर नामों की घोषणा की गई। रामलीला मंचन हेतु कमेटी का गठन दो दिनों पूर्व हुआ था । जिसमें योगेश मिगलानी को तीसरी बार अध्यक्ष बनाया गया । सोमवार को योगेश मिगलानी ने कार्यकर्ताओं की बैठक कर कमेटी का विस्तार किया । जिसमें प्रमोद अरोरा व चेतन सुखीजा को महामंत्री , राकेश बाठला , राजीव कालड़ा ,शिवम पुनियानी , विशु बजाज को उपाध्यक्ष , मांगेराम शर्मा को कोषाध्यक्ष बनाया गया । इस दौरान के के गाबा , अशोक अरोड़ा , विशंभर मिगलानी, भोला शर्मा , विकास अरोरा ,दीपक मक्कड़ , वरुण नारंग सहित तमाम लोग थे ।

# इबले हसन वार्ड 9 से लड़ेंगे सभासद का चुनाव

गदरपुर(उद संवाददाता)। वार्ड नंबर 9 के निवासी वरिष्ठ समाजसेवी इबले हसन ने वार्ड नंबर 9 से सभासद का चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। हालांकि इबले हसन ने कांग्रेस कमेटी से सभासद पद पर चुनाव लड़ने की मंशा जाहिर की है । नगर के समाजसेवी जावेद सैफी ने बताया कि अगर इवले हसन को निकाय चुनाव में वार्ड नंबर 9 से कांग्रेस टिकट देती है तो वार्ड नंबर 9 की सीट इबले हसन आसानी से जीत सकते हैं क्योंकि इबले हसन वार्ड वासियों के बीच रहकर उनकी मदद भी करते हैं। जावेद सैफी ने बताया कि उनकी पूरी टीम इबले हसन को चुनाव लड़ने में जी जान से मेहनत करेगी और वार्ड नंबर 9 की सीट भारी मतों से जिताएंगे। इबले हसन ने बताया कि वह जात-पात से ऊपर उठकर वार्ड के विकास के लिए कार्य करेंगे। किसी के साथ भी भेदभाव नहीं किया जाएगा। वार्ड की हर गलियों में विकास कार्य कराया जाएगा किसी को भी शिकायत का मौका नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, सफाई ,पथप्रकाश व्यवस्था, जलापूर्ति,राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।



# ईसाई समाज ने किया पौधारोपण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एक पेड़ मॉ के नाम अभियान के तहत उत्तराखण्ड ईसाई समाज कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष लॉजर मसीह व उपाध्यक्ष योगेश कुमार के नेतृत्व में समाज के लोगों ने नगर के विभिन्न क्षेत्रों में पौधारोपण किया गया। लॉजर मसीह ने कहा कि पौधारोपण आसान है लेकिन उनकी परवरिश करना कठिन है। उन्होंने कहा कि लगाये गये पौधों को अपने परिवार की तरह पालना है ताकि शहर हरा-भरा रहे। इस दौरान सुभाष, भगवान दास, राम बेटी, सुनीता, ओम प्रकाश, ज्ञान सिंह, राजफूल, बलजीत, शिव कुमार, मलखान सिंह फौजी आदि मौजूद थे।

# शक्तिफार्म से सिडकुल बस सेवा शुरू करने की मांग

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)।बंगाली कल्याण समिति के क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं शक्तिफार्म प्राइवेट बस यूनियन के लोगों ने शक्तिफार्म से सिडकुल सितारगंज तक बस सेवा शुरू करने की मांग की है। बंगाली कल्याण समिति के क्षेत्रीय अध्यक्ष रामचंद्र राय ने बताया कि सिडकुल सितारगंज में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से महिलाएं सहित सैकड़ों लोग सुबह, शाम व रात को नौकरी एवं मजदूरी करने जाते हैं। लेकिन जाने आने के लिए परिवहन सेवा नहीं होने से उन्हें लम्बे समय से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। काफी संख्या में लोगों को सात किलोमीटर पैदल जाना पड़ता है। रामचंद्र ने परिवहन विभाग से इस मार्ग पर तत्काल बस सेवा शुरू कराने की मांग की है। इधर शक्ति फार्म प्राइवेट बस यूनियन ने भी शक्तिफार्म से सिडकुल सितारगंज तक बस चलाने के लिए परिवहन विभाग से परमिट देने की मांग की है।

## पेज एक का शेष...

**भारी बारिश से फैक्ट्री का...**निकाला गया। फैक्ट्री का एक शैड गिरने के बाद दूसरे शैड से भी मजदूरों को बाहर निकाल दिया गया। इसी बीच रात करीब 12 बजे फैक्ट्री का दूसरा शैड भी गिर गया। कंपनी प्रबंधकों ने घटना को देखते हुए तीसरे प्लांट का शैड भी खाली करा दिया। फिलहाल फैक्ट्री के भीतर किसी को नहीं जाने दिया जा रहा है। कंपनी के परचेज हैड योगेश लाम्बा ने बताया कि घटना में कुछ श्रमिकों को मामूली चोटें आयी है। उन्होंने बताया कि घटना में कंपनी को करोड़ों का नुकसान पहुंचा है, फिलहाल इसका आंकलन नहीं हो सका है।

**एसडीआरएफ ने संभाला...**40 परिवारों को एसडीआरएफ की टीम द्वारा सुरक्षित स्थान में स्थानान्तरित किया गया है। गत रात्रि हुई भारी वर्षा और अनेक आवासीय कालोनियों में हुए जलभराव को देखते हुए नगर के सभी विद्यालयों में अवकाश घोषित कर दिया गया। गत रात्रि स्कूलों में छुट्टी की सूचना न मिल पाने के कारण अनेक छात्र छात्रायें रोज की तरह प्रातः अपने स्कूलों की ओर रवाना हुए जहां उन्हें पता चला कि स्कूलों में आज अवकाश घोषित कर दिया गया है। जिसके बाद वह घर वापस लौट आये।

**मुख्य बाजार में पहली...**से खुदाई कर नीचे से निकालकर उसकी सफाई का कार्य शुरू करवाया। जिसके बाद नाले से पानी की निकासी शुरू हो सकी और बरसात के पानी से मुख्य बाजार को जलभराव से मुक्ति मिली। वहीं अम्बेडकर चौक पर भी नाले को खुलवाकर उसकी तलीझाड़ सफाई कराई जा रही है। पूर्व में हल्की सी बरसात में ही मुख्य बाजार में होने वाले जलभराव से व्यापारियों को भारी नुकसान उठाना पड़ता था। ऐसा वर्षों के बाद हुआ है कि वर्षा के दौरान मुख्य बाजार में जलभराव नहीं हुआ।

**कांग्रेसियों ने थाने...**वरिष्ठ नेत्री उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस जन और ट्रांजिट कैंप क्षेत्र के लोग थाना ट्रांजिट कैंप के सामने एकत्र हुए,जहां उन्होंने थाना इंचार्ज भरत सिंह से मुलाकात की, और उनको पूरी घटना के बारे में बताया, उन्होंने कहा कि प्रेम शंकर सैनी ज्वेलर्स एक दर्जन से भी अधिक लोगों के कई करोड़ रुपये और सोना चांदी लेकर फरार हो गया है, लोगों ने आरोप लगाया कि 10 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस द्वारा आरोपी का कोई भी पता नहीं लगाया गया है, जिससे पीड़ित परेशान है, बाद में थाना इंचार्ज भरत सिंह ने कांग्रेस जनों को और पीड़ितों को विश्वास दिलाया कि वह जल्दी ही इस मामले का खुलासा करेंगे, और पीड़ितों को न्याय दिलाएंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता सौरभ चिलाना,जिला कांग्रेस के महामंत्री योगेश चौहान,महानगर कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष संजीव रस्तोगी, महानगर यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष रणजीत सिंह राणा, महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रामप्रसाद, निगम में नेता प्रतिपक्ष और पार्षद मोनू निषाद, कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश सचिव रामाधारी गंगवार,डॉ सुमित राय, अनिल शर्मा, सोनू,अरविंद सक्सेना, सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे । वहीं कई पीड़ितों ने भी ट्रांजिट कैम्प थाने पहुंचकर मदद की गुहार लगाई। पीड़ित लोगो ने बताया कि ट्रांजिट कैम्प में अजंली ज्वैलर्स नाम से सुनार की दुकान है। जिसके स्वामी प्रेमशंकर सैनी ने कारोवार करने के लिए लोगों से रूपये उधार लिये थे। जिनमें 4 लाख रूपये सुमित राय, 8 लाख रूपये अजय गौलदार,17 लाख रूपये संजीव कुमार, 6 लाख रूपये संजीव कुमार रस्तोगी, 4.85 लाख रुपए लेखराज सिंह, 5.50 लाख रुपए महीपाल गंगवार, 2.10 रूपये तथा 81.520 ग्राम सोना सुशांत जाधव मराठा, 3.50 लाख रूपये जितेन्द्र मौर्या, 5 लाख रूपये पिन्टू, 4.10 लाख रूपये 150 ग्राम सोना व 250 ग्राम चाँदी आशा देवी के हैं। जब उन्होंने ल अपना पैसा बापस मागना शुरू किया तो वह टाल मटोल करने लगा और फिर 31 जुलाई वह हम सब का पैसा, सोना व चाँदी लेकर फरार हो गया।

**राईस मिलों में घुसा...** कि बाईपास मार्ग के पास स्थित राईस मिलों के स्वामी पिछले कई वर्षों से इस समस्या को झेल रहे हैं। उन्होंने बताया कि राईस मिलों के पास से बहने वाली नहर के लिए पूर्व में मेडिसिटी के पास पुलिया हुआ करती थी, करीब डेढ़ साल पहले यहां पर सिचाई विभाग ने डैम बना दिया जो उत्तर प्रदेश के अधीन है। भारी बारिश की स्थिति में भी इस डैम को खोला नहीं जाता। बीती रात भी डाम को खुलवाने के लिए प्रशासन से संपर्क किया गया लेकिन रात को डाम नहीं खुल पाया। सुबह साढ़े सात बजे डाम खोला गया। तब तक राईस मिलों में भारी मात्रा में पानी भर चुका था। राईस मिल स्वामियों ने बताया कि यह समस्या पूर्व में भी कई बार आ चुकी है। पहले भी उन्हें करोड़ों का नुकसान उठाना पड़ा था, न तो उन्हें मुआवजा मिला और न ही प्रशासन ने इस समस्या का कोई स्थाई समाधान निकाला है। मिलर्स ने कहा कि वह पिछले चार सालों से इस समस्या के स्थाई समाधान की मांग कर रहे हैं लेकिन प्रशासन उनकी सुध नहीं ले रहा है।

**ठेली न हटाने को लेकर...**दोनों पक्षों में विवाद हो गया। बताया जाता है कि इसके पश्चात एक पक्ष के करीब एक दर्जन लोग लाठी-डण्डे से लैस होकर थाने से चन्द कदम दूर राजा बाबू के आवास आ धमके और उन्होंने राजा बाबू और उसके दोनों पुत्रों पर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। इस दौरान मौके पर अफरा तफरी का माहौल बन गया। घटना की जानकारी मिलते ही थाना पुलिस कर्मी मौके पर आ गये। जिन्हे देखकर हमलावर वहां से भागने लगे। पुलिस ने लोगों के सहयोग से एक हमलावर को मौके पर ही दबोच लिया। राजा बाबू ने तहरीर पुलिस को दे दी हैं।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)







रूदपुर में लगातार हो रही बारिश से विभिन्न क्षेत्रों हुए जलभराव में फंसे लोगों को निकालती राहत और बचाव कार्य में जुटी एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीमें।









